अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# महिला डॉक्टर की बेटी से स्कूल बस में हुई छेड़छाड़

## पीड़िता कन्नौज-तिर्वा मार्ग पर स्थित नामी गिरामी निजी स्कूल में है कक्षा यूकेजी की छात्रा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- घर आते समय बसकर्मी ने वारदात को दिया अंजाम, पता चलने पर आरोपी को पीटा

**अमृत विचार।** जिले के एक निजी नामी स्कूल के बस परिचालक ने छह वर्षीय छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। उसने मासूम को अश्लील वीडियो भी दिखाए। बच्ची जब घर पहुंची तो उसने पूरे मामले से अपनी मां को अवगत कराया। पीड़ित मां सरकारी डाक्टर हैं। उन्होंने मामले से अपने स्टाफ और परिजनों को अवगत कराया। लोगों ने बस परिचालक को पकड़ लिया और जमकर पीटा। आरोपी ने डरकर वह वीडियो भी दिखा दिया जो उसने बच्ची को दिखाया था। पीड़ित मां के कहने पर उनके सीनियर ने मामले में शिक्षा विभाग के अधिकारियों और पुलिस को मामले की जानकारी दी। हालांकि अभी तहरीर नहीं दी गई है। मामला सोमवार का है।

कन्नौज-तिर्वा मार्ग पर एक माध्यमिक स्कूल है जो सीबीएसई से संचालित है। घटनाक्रम के मुताबिक 27 अप्रैल को विद्यालय



की छुट्टी होने के बाद यूकेजी की छात्रा (डॉक्टर की छह वर्षीय बेटी) स्कूल बस से घर आ रही थी। तिर्वा के करीब पहुंचने के दौरान जब सभी बच्चे बस से उतर गए तो परिचालक ने बच्ची को गोद में बैठा लिया। उसको बहलाया। मोबाइल पर अश्लील वीडियो क्लिप भी दिखाई और अश्लील हरकत की। डरी सहमी बच्ची जब घर पहुंची तो उसने डॉक्टर मां को आपबीती बताई। पीड़ित मां ने मामले से अपने सहयोगी डॉक्टरों व चिकित्साकर्मियों को जानकारी दी। आक्रोशित लोगों ने आरोपी बस परिचालक को पकड़ लिया और जमकर पीटा। इसके बाद पीड़ित बच्ची की मां व अन्य लोगों ने विद्यालय पहुंचकर प्रकरण की शिकायत की। प्रधानाचार्य ने आरोपी पर कार्रवाई के बजाय उसे काम से हटाने की बात कही। यह भी कहा कि एफआईआर कराने पर स्कूल की बदनामी होगी। बताया यह भी गया है कि महिला डॉक्टर के सीनियर ने इसकी जानकारी पुलिस विभाग व शिक्षा विभाग के अधिकारी को वाट्सएप पर दी। प्रार्थना पत्र अंग्रेजी में लिखा गया है और इसमें प्राइवेट पार्टस छूने का भी जिक्र है। मामले में डीआईओएस ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है। कमेटी ने बच्ची के माता- पिता और स्कूल प्रबंधन के बयान दर्ज किए हैं।

### स्कूल को नेताओं का मिला है संरक्षण

- पीड़ित बच्ची जिस स्कूल में पढ़ती है उसका जिले में बड़ा नाम है। प्रबंधन के संबंध कई नेताओं और जनप्रतिनिधियों से है। इस वजह से मामला दबाया जा रहा।

### अधिकारियों की भी सुनें

- एसपी विनोद कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष रिपोर्ट दर्ज नहीं करा रहा है। बात की जा रही है अगर तहरीर दी जाती है तो कार्रवाई की जाएगी। बीएसए संदीप कुमार का तर्क है कि उनके पास इस तरह का कोई प्रार्थना पत्र नहीं आया।

"मामले की जानकारी एक कर्मी को भेजे गए मैसेज से मिली है। उन्होंने दो महिला शिक्षकों समेत तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी। बुधवार को स्कूल पहुंचकर प्रकरण की जांच हुई। पीड़िता के माता-पिता भी मौके पर थे। स्कूल को भी नोटिस जारी कर रिपोर्ट मांगी गई है। पूरा प्रयास होगा कि मामले में विधिक कार्रवाई की जाए।

-पप्पू सरोज, डीआईओएस

## बच्ची से छेड़छाड़ में दोषी को पांच साल की कैद

**कन्नौज।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट रामगोपाल सिंह ने सात साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतों के मामले में दोषी को पांच साल की सजा सुनाई है। जुर्माना भी किया गया है।

शासकीय अधिवक्ता ब्रजेश शुक्ला ने बताया कि एक महिला ने सौरिख थाने में 22 सितंबर 2020 को तहरीर देकर बताया था कि 10 सितंबर 20 को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसकी बेटी (07) को गांव का ही निवासी पप्पू शर्मा झूठ बोलकर घर ले गया। वहीं उसे एक कमरे में बंद करके अश्लील हरकतें करने लगा। पुत्री चिल्लाई तो वह (मां) भागकर पहुंची। पुत्री ने समस्त घटना के बारे में उसे बताया तो उसने उक्त के दरवाजे पर जाकर उलाहना दिया। मामले में पुलिस की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पर्याप्त साक्ष्य जुटाने तथा पीड़िता के बयान लेने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। सुनवाई पूरी होने के बाद पप्पू शर्मा को दोषसिद्ध पाते हुए पांच साल की जेल के साथ ही 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की राशि पीड़िता को देने के निर्देश दिए।

# टीसी लेने गए अभिभावक से छीनकर मार्कशीट फाड़ी

### शिक्षा माफिया हावी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- थाना तालग्राम क्षेत्र के ताहपुर स्थित एक विद्यालय का मामला
- वीडियो हुआ प्रसारित, लीपापोती में जुटे जिम्मेदार

**अमृत विचार।** जिले में शिक्षा माफिया हावी और जिम्मेदार शांत हैं। साक्ष्य सामने आने व वीडियो वायरल होने के बाद भी आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। थाना तालग्राम क्षेत्र के ताहपुर स्थित एक निजी स्कूल में प्रधानाचार्य ने अभिभावक से छीनकर अंकपत्र फाड़ दिया। साथ ही धमकी दी कि जो करना हो कर लो। बच्चा उनके यहां पढ़ता ही नहीं है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

बताया जा रहा रहा कि गांव गदोरा निवासी छात्र ताहपुर के इस निजी स्कूल में कक्षा 08 में पढ़ता था। इसी वर्ष उत्तीर्ण होने के बाद वह अभिभावक सोनू के साथ टीसी लेने स्कूल पहुंचा। वायरल वीडियो के मुताबिक अभिभावक ने फीस बाद में देने की बात कही, इससे प्रधानाचार्य व अभिभावक के बीच कहासुनी हो गई। प्रधानाचार्य पर आरोप लगा कि उन्होंने अंकपत्र लेकर फाड़ दिया और उसके टुकड़े वहीं डस्टबिन में फेंक दिए। पीड़ित अभिभावक ने इसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर दिया। वीडियो में प्रधानाचार्य कह रहे हैं कि बच्चा उनके यहां नहीं पढ़ता जो करना हो कर लो।

वीडियो में बकाया फीस 15 तारीख को देने की बात अभिभावक कह रहा है तो प्रधानाचार्य ने 16 तारीख को टीसी देने की बात भी कही है। बताया गया है कि छात्र का नामांकन कहीं तो पढ़ाई इस निजी स्कूल से कर रहा था। इससे चर्चा है कि शिक्षा विभाग में सबकुछ जायज है। उधर, थाना तालग्राम प्रभारी विनय शर्मा ने वीडियो की जांच की तो कहा कि छात्र आरोपी के स्कूल में नामांकित नहीं है। इससे टीसी फाड़ने का आरोप सही नहीं लगता है। इस बाबत खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र चौधरी से जानकारी के लिए फोन किया गया तो उन्होंने रिसीव नहीं किया।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला को घर में घुस कर बेरहमी से पीटा

**छिबरामऊ।** नगर के मोहल्ला नई बस्ती सराय गूजरमल में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। सुहाना बेगम पत्नी सानू खाँ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार दोपहर करीब 12 बजे, जब वह घर पर अकेली थीं और पति मजदूरी पर गया था। तभी पड़ोस के कुछ दबंग लोगों ने एक राय होकर उसके घर में धावा बोल दिया। आरोप है कि उक्त दबंगों ने लाठी-डंडों, लात-घूंसों और मुक्कों से सुहाना की बुरी तरह पिटाई की, जिससे उसके चेहरे और शरीर पर अंदरूनी व बाहरी चोटें आई हैं। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस से मेडिकल परीक्षण कराने और दोषियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जिला जेल में आज जांच शिविर लगेगा

**कन्नौज।** रोटरी क्लब शौर्य एवं अपर्णा फाउंडेशन द्वारा विधिक प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला जेल कन्नौज में कैदियों की नि:शुल्क नेत्र एवं दांतो की जांच का शिविर आज गुरुवार को जिला प्रात: 10 बजे से लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए रोटरी क्लब कन्नौज के अध्यक्ष उमाकांत शुक्ला ने बताया कि कैंप में मरीजों को नि:शुल्क नेत्र दवाएं, ड्रॉप्स, चश्मा एवं दांतो की दवाएं नि:शुल्क दी जाएगी। अपर्णा फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक अमिताभ गुप्ता ने बताया कि उक्त शिविर के बाद जिला जेल प्रांगण की सीमा के बाद दूसरा नेत्र एवं दांतों की जांच का शिविर लगाया जाएगा।

### अधेड़ ने फंदा लगाकर दी जान, कोहराम

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र में एक अधेड़ ने फंदा लगाकर जान दे दी। जैनपुर गांव के पास एक पेड़ से उसका शव लटका मिला। मृतक की पहचान भुन्ना मौजा के उदईपुरवा गांव निवासी श्रीनिवास (54) पुत्र रामबालक के रूप में हुई है। बताया गया कि श्रीनिवास की पत्नी का निधन हो चुका था। उसके कंधों पर दो बेटियों की शादी की जिम्मेदारी थी। कुछ साल पहले एक बेटी की शादी कर दी, लेकिन दूसरी की पढ़ाई और शादी की चिंता थी। वह ठठिया स्थित एक दुकान पर काम करता था। बुधवार सुबह दुकान जाने के लिए घर से निकला था लेकिन कुछ देर बाद पेड़ से शव फंदे पर लटका मिला।

### भाकियू ने तहसील घेराव की दी चेतावनी

**छिबरामऊ।** भाकियू बलराज गुट के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजी. सौरव यादव ने बताया कि रतनपुर गांव में लेखपाल द्वारा की जा रही मनमानी और भ्रष्टाचार के खिलाफ बहुत शीघ्र ही तहसील का घेराव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम रतनपुर निवासी भाकियू बलराज के तहसील मंत्री अनिल यादव का काफी पुराना पट्टा था, जिस पर मकान बना हुआ था। गेट पुराना होने की वजह से उन्होंने नया लगवाया। इस पर विरोधियों ने लेखपाल से सांठगांठ कर गेट को तुड़वा दिया। इसके लिए न तो पीड़ित किसान को कोई नोटिस दिया गया और न ही किसी भी अधिकारी का कोई आदेश दिखाया गया।

# 20 दिन से खाली है मुख्य विकास अधिकारी की कुर्सी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- प्रशासनिक आधार पर ग्राम्य विकास आयुक्त लखनऊ में संबद्ध हैं तत्कालीन सीडीओ राम कृपाल चौधरी
- जिला विकास अधिकारी एनडी द्विवेदी को मिली है दायित्व निभाने की जिम्मेदारी



कन्नौज जनपद का विकास भवन।

**अमृत विचार।** जनपद में विकास को गति देने वाले मुख्य विकास अधिकारी की कुर्सी करीब 20 दिनों से रिक्त चल रही है। तत्कालीन सीडीओ राम कृपाल चौधरी को 08 अप्रैल को प्रशासनिक आधार पर ग्राम्य विकास आयुक्त लखनऊ में संबद्ध किया गया है।

जानकारों की माने तो ज्यादातर सरकारी महकमों की फाइलें मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय पहुंचने के बाद ही आगे बढ़ती रहीं हैं। सीडीओ का अनुमोदन होने के बाद ही डीएम उस पर अनुमति या अनुमोदन देते रहे हैं। 08 अप्रैल की शाम को जारी पत्र में तत्कालीन सीडीओ को प्रशासनिक आधार पर हटा दिया गया लेकिन नए अधिकारी की तैनाती का आदेश अब तक नहीं आया है। आदेश के दो दिन बाद चौधरी कार्यमुक्त हो गए थे। कुर्सी खाली होने से विकास कार्यों पर प्रभाव पड़ रहा है। कुछ दिनों बाद डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जिला विकास अधिकारी एनडी द्विवेदी को सीडीओ की जिम्मेदारी निभाने का दायित्व जरूर सौंप दिया।

### इन अधिकारियों की भी है कमी

- जनपद में जिला प्रोबेशन अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी (विकास), नेडा परियोजना अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सहायक बचत निदेशक, जिला अर्थ एवं सांख्यिकीय अधिकारी, मत्स्य विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एक्सईएन आरईडी, जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी के पद भी रिक्त हैं। इन पदों पर या तो जनपद के दूसरे विभागों के अफसरों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है या फिर अन्य जिलों के संबंधित विभागों को जिम्मेदारी दे दी गई है।

## सड़क हादसे में चचेरे भाई गंभीर घायल, रेफर

**छिबरामऊ।** ग्राम रुद्रपुर जमामर्दपुर निवासी दो युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए।

आशीष (30) पुत्र बलराम सिंह अपने चचेरे भाई संदीप कुमार (27) पुत्र श्रीकृष्ण सिंह के साथ छोटे भाई सुमित की शादी के कार्ड बांटने गए थे। दोनों साढ़ू शिवमंगल के घर से कार्ड बांटकर बाइक से लौट रहे थे। जीटी रोड पर स्थित ग्राम लडैता के समीप पहुँचे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं अनियंत्रित होकर कार खड्डे में जा गिरी। कार भी क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

# छात्र का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

- घर से नाराज होकर दो दिन पहले ननिहाल आया था
- लखनऊ विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस से कर रहा था बीटेक

**अमृत विचार।** घर से नाराज होकर आए बीटेक के छात्र का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। वह ननिहाल से लखनऊ जाने की बात कह कर निकला था। ट्रेन से कट कर आत्महत्या की चर्चा है।


गौरव।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ककरैया निवासी गौरव (22) पुत्र आदेश कुमार का शव बुधवार की सुबह राहगीरों ने रेलवे ट्रैक पर पड़ा देखा। गौरव लखनऊ विश्वविद्यालय में बीटेक कंप्यूटर साइंस का छात्र था। किसी बात से नाराज होकर अपने घर से ग्राम मायानगर निवासी मामा इतवारी लाल के घर आया था। मंगलवार की दोपहर लगभग 12 बजे मामा का लड़का रोहित लखनऊ जाने के लिए उसे जलालाबाद में कन्नौज जाने वाली टैक्सी पर बैठा कर गया था। लोगों ने शाम को गौरव को ब्लाक मुख्यालय के निकट बैठा देखा था। बुधवार सुबह ट्रैक पर शव देख स्थानीय लोगों सहित राहगीरों का जमावड़ा लग गया। सूचना पर पहुंचे जसोदा चौकी प्रभारी धीरेंद्र सिंह व मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनोद ने शव के पास मिले पिट्ठू बैग, मोबाइल, लैपटॉप, घड़ी, मोबाइल चार्जर, एडाप्टर, ग्रीन कार्ड, विश्वविद्यालय की आईडी कार्ड से शिनाख्त की। सूचना पर पिता आदेश के साथ मामा इतवारी लाल घटनास्थल पर पहुंचे। मामा ने बताया कि गौरव दो दिन पहले गांव आया था और मंगलवार को लखनऊ जाने के लिए घर से निकला था। आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी नहीं है।


घटना स्थल पर जांच करती पुलिस व मौजूद परिजन। अमृत विचार

## महिला को दी मारपीट की धमकी

**छिबरामऊ।** थाना छिबरामऊ के एक ग्राम विधवा महिला का जीना दुश्वार हो गया है। पीड़िता का आरोप है कि गांव का ही दबंग आए दिन उनके साथ छेड़खानी और अभद्रता करता है।

24 अप्रैल की शाम उसके घर के सामने अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर वह घर में घुस गया और उसे गिराकर बेरहमी से पीटा। 25 अप्रैल को पुलिस के जाने के बाद आरोपी अपने चाचा के साथ लाठी-डंडे लेकर उसके घर आ धमका। आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर सामूहिक बलात्कार और हत्या की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि दबंगों के खौफ के कारण वह गांव से पलायन करने को मजबूर है।

# बारातियों-जनातियों में चले लाठी-डंडे

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** बारात चढ़ने के दौरान बारातियों एवं जनातियों के बीच लाठी डंडे एवं ईंट-पत्थर चले।

जनपद अलीगढ़ के थाना हरदुगंज के खान आलमपुर निवासी बबलू पुत्र मंगल सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मंगलवार 28 अप्रैल को वह चचेरे भाई के साले अवधेश की बारात में अपनी स्कॉर्पियो कार लेकर सौरिख थाना क्षेत्र के गांव ईजलपुर आया था। रात 2 बजे बारात चढ़ने के दौरान डीजे की धुन पर जनाती व बाराती डांस कर रहे थे। बारात धीरे-धीरे दरवाजे की तरफ बढ़ रही थी। इस दौरान पीछे चल रही स्कार्पियो कार को लेकर लड़की के भाई तथा तीन अज्ञात लोगों ने गाली गलौज व मारपीट की। ईंट पत्थर चलाने लगे जिसमें स्कॉर्पियो गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चालक को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आए ताऊ के लड़के सुदीप एवं विपिन को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेते हुए जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

- डीजे के पीछे चल रही स्कॉर्पियो भी पथराव से क्षतिग्रस्त कर दी

### युवक ने काम करने से मना किया तो पीटा

- **सौरिख।** दलित युवक ने मजदूरी करने से मना कर दिया। इस बात पर नाराज होकर दलित को मारपीट कर घायल कर दिया। नादेमऊ चौकी क्षेत्र के गांव नैनपुरवा निवासी पन्नालाल जाटव पुत्र सूबेदार ने बताया खडरगपुर निवासी मोहित सिंह, राहुल सिंह पुत्रगण भानु प्रताप सिंह कुछ समय पहले उसके पास आए और मजदूरी करने के लिए कहा। जब उसने काम से मना कर दिया तो वह आग बबूला जो गाए और देख लेने की धमकी दी। 23 अप्रैल को शाम 7 बजे जब वह अपने खेत में पानी लगाने के लिए गया और पाइपलाइन बिछा रहा था तभी उपरोक्त दोनों लोग आए और गाली देने लगे। गाली देने से मना किया तो जाति सूचक गालियों का प्रयोग करते हुए लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। इससे उसके हाथ, कमर में गंभीर चोटें आई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन छात्र घायल

**सौरिख।** अज्ञात वाहन की टक्कर से विद्यालय जा रहे बाइक सवार तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सकरावा थाना क्षेत्र के सकरदा निवासी शोभित पुत्र राजन (17), सौरभ पुत्र अज्ञात (18) निवासी रम्पुरा, शिवेंद्र पुत्र संजू शाक्य निवासी सकरावा (19) बुधवार सुबह अपनी बाइक से सकरावा स्थित इंटर कॉलेज जा रहे थे। कॉलेज से पहले मोड़ पर सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे तीनों बुरी तरह से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।


घायल छात्रों को ले जाती एंबुलेंस। अमृत विचार

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines
• Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
• Faculty of Pharmacy
• Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
• Faculty of Management
Application Fee
■ For Indian Candidate Rs. 2000/-
■ NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

बैठक

इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत चयनित किए गए

# 11 विद्यार्थियों के मॉडल पेटेंट कराने को शुरू हुई पहल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में चयनित जनपद के 11 विद्यार्थियों के मॉडल /प्रोजेक्ट को वैज्ञानिक, प्रतिष्ठित संस्थानों, विश्वविद्यालयों आदि से पेटेंट कराने की पहल शुरू हो गई है। इसको लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने कार्यालय में बैठक की।

डीआईओएस पप्पू सरोज ने विद्यार्थियों के मूल और रचनात्मक तकनीकी विचारों/ नवाचारों को पेशेवर उत्पाद में विकसित कर उन्हें सफल उद्यमी बनाने में सक्रिय और सकारात्मक योगदान प्रदान करने की बात कही। उन्होंने शैक्षिक सत्र 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में चयनित कुल 11 विद्यार्थियों के 08 विद्यालयों (01 राजकीय, 02 सीबीएसई, 01 बेसिक 04 माध्यमिक) के प्रधानाचार्यों को कार्यालय में बुलाकर बैठक की। कहा कि चयनित विद्यार्थियों के मॉडल/ प्रोजेक्ट को 10 मई तक पूरा करा लिया जाए। 15 से 20 मई तक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नवाचार मेला का आयोजन होगा। इसमें जनपद के प्रतिष्ठित उद्योगपति, कारखानों के मालिक/ प्रोपराइटर्स, सामाजिक संस्थानों, बैंकों, निजी प्रतिष्ठानों, विश्वविद्यालयों/ तकनीकी संस्थानों से प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही मॉडल/ प्रोजेक्ट को पेटेंट कराने तथा विद्यार्थियों के आगे की शिक्षा और कॅरियर में आर्थिक मदद देने का प्रयास होगा। बैठक में जिला समन्वयक समग्र शिक्षा माध्यमिक अजय कुमार, एसडी बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रीना कनौजिया, बेसिक नोडल शिक्षक आशुतोष दुबे, बीएस सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर के प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार, सहायक अध्यापक अनुपमा भदौरिया व कम्प्यूटर ऑपरेटर रजनीश सिंह आदि उपस्थित रहे।


शिक्षक व प्रधानाचार्यों के साथ कार्यालय में बैठक करते डीआईओएस पप्पू सरोज। अमृत विचार

- विद्यार्थियों के आगे की शिक्षा और कॅरियर में आर्थिक मदद देने का प्रयास
- उद्योगपति, कारखानों, बैंकों, निजी प्रतिष्ठानों से प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा

अमृत विचार
कानपुर, गुरुवार, 30 अप्रैल 2026



## न्यूज ब्रीफ

### भाई से कहासुनी के बाद युवक ने पिया कीटनाशक, गंभीर

**कायमगंज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव अहमदगंज में एक युवक ने पारिवारिक विवाद के बाद कीटनाशक का सेवन कर लिया। युवक की पहचान श्रीराम के पुत्र विवेक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, विवेक का अपने छोटे भाई हरीसिंह से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। कहासुनी बढ़ने के बाद विवेक ने आवेश में आकर जहरीला पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वालों को घटना की जानकारी हुई। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले गए, जहां डॉक्टरों ने तुरंत उपचार शुरू किया। अस्पताल में मौजूद विवेक के चाचा विकास ने बताया कि भाइयों के बीच हुए विवाद के बाद ही विवेक ने यह कदम उठाया। विवेक खेती-बाड़ी का काम करता है। चिकित्सक डॉ. अमरेश ने बताया कि युवक का समय पर उपचार शुरू कर दिया गया है और उसकी हालत अब पहले से बेहतर है। फिलहाल वह खतरे से बाहर है, लेकिन डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

### विद्युत पोल टूटा लाइनमैन घायल

**अमृतपुर।** थाना क्षेत्र के राधे-राधे पेट्रोल टंकी के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बिजली विभाग का पोल अचानक नीचे से टूट गया और पोल पर कार्य कर रहे लाइनमैन राजू नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। फर्रुखाबाद के अमृतपुर थाना क्षेत्र में राधे-राधे पेट्रोल टंकी के पास एक बिजली का पोल टूट गया। इस हादसे में पोल पर काम कर रहे लाइनमैन राजू गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, क्षेत्र में हाल ही में नए बिजली के पोल लगाए गए थे और उन पर काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक पोल नीचे से टूट गया, जिससे लाइनमैन राजू उसकी चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद जेई शिवम तिवारी ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने एंबुलेंस बुलाई और घायल राजू को 108 एंबुलेंस के माध्यम से राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर बृजेश मिश्रा ने बताया कि राजू के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया।

### धम्म यात्रा के लिए किया सघन जनसंपर्क

**छिबरामऊ।** करुणा मैत्री शील शांति प्रेम और भाईचारे को लेकर तथागत भगवान गौतम बुद्ध की 2589 वीं जयंती पर विशाल धम्म यात्रा के लिए सघन जनसंपर्क किया गया। यह धम्म यात्रा वैशाख पूर्णिमा 01 मई दिन शुक्रवार सुबह 8 बजे अकबरपुर से सिद्धार्थ सलेमपुर बुद्ध विहार होते हुए सिकंदरपुर नगर भ्रमण कर पानी की टंकी के पास सिकंदरपुर तक जाएगी एवं बुद्ध वंदना विचार गोष्ठी तथा खीर दान आदि के साथ संपन्न होगी। धम्म यात्रा के संरक्षक वरिष्ठ कवि एवं पर्यावरण प्रहरी हरिगोविंद शाक्य 'हरि,' अध्यक्ष शिवम शाक्य एवं उपाध्यक्ष नेत्रपाल शाक्य ने क्षेत्र तथा जनपद के सभी लोगों को इस धम्म यात्रा में आमंत्रित किया हैं।

### श्रमिक आरोग्य मेला में 90 मजदूरों की जांच

**फर्रुखाबाद।** मुख्य चिकित्साधिकारी के आदेशानुसार और प्रभारी चिकित्साधिकारी शमशाबाद के निर्देशन में साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत नगर के तंबाकू गोदामों में श्रमिक आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और जीवन रक्षक दवाइयां वितरित कीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की दो टीमें गठित की गईं। पहली टीम में डॉ. शुभम गिल, डॉ. कल्पना कटियार, सीएचओ गौरव सक्सेना, स्टाफ नर्स आरती और लैब टेक्नीशियन राजन राव शामिल रहे। वहीं दूसरी टीम में डॉ. कुलभूषण, स्टाफ नर्स रिया, लैब टेक्नीशियन ओम नंदन और वार्ड ब्वाय रूपेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर के विभिन्न तंबाकू गोदामों में लगाए गए इन शिविरों में श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के उपरांत चिकित्सीय परामर्श के अनुसार उन्हें जीवन रक्षक दवाइयां और ओआरएस के पैकेट वितरित किए गए। फार्मासिस्ट विजय कुमार द्वारा दवाओं और ओआरएस घोल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत, एक की हालत गंभीर

## तिर्वा रोड पर इंदिरा नगर चौकी के निकट हादसा

संवाददाता गुरसहायगंज


राम चंद्र।


हरिप्रकाश।

**अमृतविचार।** बाइक सवार तीन लोगों को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दो लोगों की मृत्यु हो गई जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

कोतवाली तिर्वा के गांव उमरायपुरवा निवासी हरिभान, रामचंद्र और हरि प्रकाश फर्रुखाबाद में हरिभान की पुत्री के लिए लड़का देखने गए थे। मंगलवार की देर रात तीनों लोग बाइक से अपने गांव जा रहे थे। जैसे ही वह लोग गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के तिर्वा रोड ग्राम इंदिरा नगर चौकी के निकट पहुंचे वैसे ही तेज गति से आ रहे चार पहिया वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर इंदिरा नगर चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी पहुंचाया जहां रामचंद्र (85) ने दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल हरिभान और हरिप्रकाश को उपचार के लिए कानपुर भेजा गया लेकिन हरि प्रकाश (50 )की रास्ते में ही मृत्यु हो गई। जबकि उसका चचेरा भाई हरिभान की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की सूचना परिजनों को मिलते ही उनमें कोहराम मच गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि चालक गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया है।

# अलग- अलग सड़क हादसों में दो की गई जान, कोहराम

संवाददाता तिर्वा/छिबरामऊ

अमृत विचार। अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं में महिला तथा युवती की मौत हो गई।

तिर्वा संवाददाता के अनुसार सोमवार की देर रात आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर स्कॉर्पियो कार से पांच लोग लखनऊ में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद नोएडा लौट रहे थे। तालग्राम थाना क्षेत्र के 182 किलोमीटर पर कार चालक अजय कुमार को झपकी आ गई। इससे कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। यूपीडा के राहत कर्मियों ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बादामी देवी पत्नी स्व. राम को इलाज के लिए कानपुर ले जाते रास्ते में मृत्यु हो गई। कार चालक अजय कुमार, आशा देवी पत्नी छोटेलाल, पूजा पत्नी अजय कुमार, व अनीता पत्नी कृष्ण मोहन निवासी ई 57 सेक्टर 15, थाना सेक्टर 20 नोएडा गौतम नगर बुद्ध नगर का मेडिकल कॉलेज में इलाज किया जा रहा है।

छिबरामऊ संवाददाता के अनुसार विशुनगढ़ क्षेत्र के रकरा गांव निवासी अजीत सिंह पत्नी और पुत्री लवली के साथ बाइक से दवा लेकर घर लौट रहे थे। तभी पीछे से आ रही डीसीएम ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। लवली सिर के बल सड़क पर गिरी। उसे सौ शैय्या अस्पताल से मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। लवली बीएससी की पढ़ाई पूरी कर चुकी थी।

# काली नदी में नहाने गए दो दोस्त डूबे, एक लापता


नदी किनारे लगी भीड़ और किशोर को ढूंढते लोग। अमृत विचार

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** अपने घर से करीब 4 किलोमीटर दूर काली नदी में नहाने गए तीन नाबालिक दोस्तों में से दो डूब गए। एक किसी प्रकार बचकर बाहर आ गया जबकि दूसरे की तलाश जारी है।

खांडे देवर निवासी राम सिंह जाटव का 17 वर्षीय पुत्र सत्यम, विनोद जाटव का 11 वर्षीय पुत्र देवा और रामनिवास का 10 वर्षीय पुत्र कुंदन आपस में दोस्त हैं। बुधवार की शाम को तीनों घर से बिना बताए गर्मी के मौसम में नहाने के लिए चार किलोमीटर दूर ग्राम भूडपुरवा के निकट से निकली काली नदी में गए थे। नहाने से पहले कुंदन किसी प्रकार वहां से चला आया और इसके बाद सत्यम और देवा नदी में नहाने के लिए उतर गए। सत्यम के गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया। यह देखकर देवा किसी तरह नदी से बाहर निकल आया और उसने शोर मचाया। जिस पर लोग मौके पर पहुंच गए और सत्यम की तलाश शुरू कर दी। जानकारी मिलने पर बच्चों के परिजन और तमाम ग्रामीणों के अलावा कोतवाल अजय कुमार अवस्थी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और सत्यम की तलाश शुरू कर दी। गांव के रहने वाले कई गोताखोर नदी में सत्यम की तलाश कर रहे हैं।

# लाखों के जेवरात और नकदी समेत गई युवती, चार पर रिपोर्ट

**छिबरामऊ।** सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के एक गांव की युवती घर में रखे लाखों के जेवरात व हजारों की नकदी समेत रिश्तेदार प्रेमी के साथ चली गई। इस मामले में युवती की मां ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़िता के मुताबिक उसके यहां इटावा जनपद के कुईटा सरैया गांव निवासी रिश्तेदार दीपक बाथम पुत्र श्यामबाबू का आना-जाना था। 18 फरवरी को दीपक नाबालिग बेटी को फुसलाकर भगा ले गया। बेटी घर से जाते समय करीब तीन लाख रुपये के जेवरात और 20 हजार रुपये की नकदी घर से चोरी कर ले गई। काफी खोजबीन के बाद जब दीपक के घर संपर्क किया गया, तब उसने और उसके भाई राजू, संजीव बाथम व उसके पिता श्यामबाबू ने उसकी बेटी को कमरे में बंद कर दिया और उनके साथ गालीगलौज की। उसने आशंका जताई है कि वह लोग उसकी पुत्री का शारीरिक यौनशोषण कर उसकी बिक्री कर सकते हैं। वह लोग मोबाइल पर फोन कर उसकी हत्या की धमकी दे रहे हैं।

# एक्सप्रेस-वे पर चलती बस से गिरकर महिला घायल

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** एक्सप्रेस-वे पर चलती स्लीपर बस से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही यूपी-डायल एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और महिला को अचेत अवस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

महिला की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है क्योंकि वह बेहोश है। घटना बुधवार दोपहर की है। लखनऊ से आगरा की ओर जा रही एक स्लीपर बस जब सौरिख थाना क्षेत्र में करीब 155 किलोमीटर के पास पहुंची, तभी एक महिला नीचे गिर गई। जानकारी मिलते ही एम्बुलेंस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल महिला को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। एम्बुलेंस चालक के अनुसार महिला चलती बस से गिरी थी, लेकिन चालक ने वाहन नहीं रोका। मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने पुष्टि की कि महिला अचेत है, जिसके कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

- महिला को अचेत अवस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया


घायल महिला। अमृत विचार

# दिन भर चलीं धूल भरी हवाएं 4 डिग्री सेल्सियस लुढ़का पारा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** लगातार गर्मी का कहर झेल रहे लोगों को राहत मिली जब तेज हवाओं के बीच पारा चार डिग्री सेल्सियस लुढ़क गया। न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बताया गया कि आगामी कुछ दिनों तक राहत भरा मौसम रहने की संभावना है।

15 दिनों से जिले के लोग गर्मी के प्रकोप से जूझ रहे हैं। लगातार दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चल रहा है। 43 डिग्री सेल्सियस तक जा चुका है। इधर विशेष दबाव का क्षेत्र बनने से कुछ क्षेत्रों में बादल, बारिश की संभावना थी।

बुधवार को सुबह से तेज धूप तो निकली लेकिन चल रही हवाओं ने तापमान पर कुछ असर डाला। दोपहर होते होते धूल भरी हवाएं चलने लगीं जो फिर पूरे दिन ही चलती रहीं। इस कारण पिछले कई दिनों से चल रही हीटवेव से राहत मिली। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि अधिकतम तापमान 38 जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस हो गया। यह क्रमशः चल रहे तापमान से चार तथा तीन डिग्री सेल्सियस कम हुआ है। इसके अलावा हवा की रफ्तार 35-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रही। बताया कि यह बदलाव विशेष दबाव का क्षेत्र बनने से आया है। आगामी दिनों में इसी तरह का मौसम रहने की संभावना है।


बुधवार दोपहर 12 बजे धूल भरी हवाओं के बीच जीटी रोड का दृश्य। अमृत विचार

# डिंपल यादव पर अभद्र टिप्पणी से भड़के सपाई

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्नौज सांसद अखिलेश यादव की पत्नी मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी की गई। इससे नाराज सपा नेताओं ने कोतवाली पहुंचकर विरोध दर्ज कराया और रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कोतवाल को प्रार्थना पत्र दिया है।

सोशल मीडिया पर रविवार को एक युवक ने डिंपल के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी कर दी। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद सपा नेताओं में रोष फैल गया। सपा नगर अध्यक्ष मुकीम खां, पूर्व शासकीय सभासद नाहर सिंह यादव, अजीम सिद्दीकी, विकास गुप्ता, अमन खां, अरुण शर्मा, सलीम खां, रामनिवास, शेरे रजा आदि सपा नेता कोतवाली पहुंचे और टिप्पणी के विरोध में नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की। उक्त लोगों ने कोतवाल अजय कुमार अवस्थी को मामला दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। कोतवाल ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। नगर अध्यक्ष ने बताया कि किसी अमन श्रीवास्तव के नाम की आईडी से फेसबुक पर सांसद डिंपल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की गई है।


ज्ञापन देने कोतवाली पहुंचे सपा नेता।

# उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर का विरोध कर निकाला मार्च

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं का विरोध लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को कमालगंज में बड़ी संख्या में उपभोक्ता एकत्रित हुए और स्मार्ट मीटर के विरोध में पैदल मार्च निकाला। उन्होंने प्रशासन को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें रिचार्ज होने के बाद भी बिजली कटने जैसी समस्याओं का उल्लेख किया गया।

यह विरोध मार्च कमालगंज के तपस्वी वाले बाग से शुरू होकर पावर हाउस तक गया। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर स्मार्ट मीटर नहीं चाहिए और स्मार्ट मीटर लगाना बंद करो जैसे नारे लिखे थे। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिना सही जानकारी और पारदर्शिता के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। प्रदर्शन में शामिल घनश्याम ने बताया कि स्मार्ट मीटर से कई दिक्कतें आ रही हैं और बिल भी अधिक आ रहा है, जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए। सभासद अजय कुमार दिवाकर ने भी इस समस्या पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कई उपभोक्ताओं का रिचार्ज होने के बावजूद बिजली काट दी जाती है। इस संबंध में एसडीओ रवि कुमार पांडेय ने बताया कि स्मार्ट मीटर एक पूरी तरह पारदर्शी प्रणाली है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं को अपने उपयोग के अनुसार ही बिल का भुगतान करना होता है।


एसडीओ रवि कुमार पांडेय को ज्ञापन देते आक्रोशित बिजली उपभोक्ता।

# युवक रहस्यमय तरीके से लापता

**अमृतपुर।** थाना राजेपुर क्षेत्र के बक्सपुर जैनापुर निवासी 38 वर्षीय पंकज सिंह मंगलवार, को सुबह करीब 8 बजे से लापता हैं। वे ग्राम अलीगढ़ में एक ग्रामीण के यहां टेंट लगाने का काम देखने गए थे, जिसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों के अनुसार, पंकज सिंह का मोबाइल नंबर लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। परिवार के सदस्यों ने आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। लापता पंकज सिंह का हुलिया इस प्रकार हैः उनका रंग सांवला है और कद करीब 5.5 फुट है। उन्होंने काली शर्ट, फिरोजी जींस और सफेद अंगोछा पहन रखा था। पंकज सिंह के भाई अमित कुमार सिंह ने मामले की सूचना थाना राजेपुर में दी है और गुमशुदगी दर्ज करने का अनुरोध किया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# शादी समारोह में विवाद के बाद युवक ने खाया जहर, गई जान

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** शादी समारोह में हुए विवाद के बाद एक युवक ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान मुरारी सिंह के 35 वर्षीय पुत्र जितेंद्र राठौर के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जितेंद्र राठौर अपनी पत्नी पूजा और तीन बच्चों के साथ अपने साले राजू की शादी में शामिल होने के लिए क्षेत्र के गांव बरझाले गए थे। शादी समारोह के दौरान किसी बात को लेकर उनका ससुराल पक्ष या अन्य व्यक्ति से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि इस विवाद के चलते जितेंद्र खुद को अपमानित महसूस करने लगे और रात करीब ढाई बजे ही समारोह छोड़कर घर वापस लौट आए। परिजनों के मुताबिक, मंगलवार सुबह तक जितेंद्र का व्यवहार सामान्य था, लेकिन वह अंदर ही अंदर काफी परेशान नजर आ रहे थे। दोपहर के समय उन्होंने कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिससे उनकी हालत अचानक बिगड़ गई।

परिजन घबराकर उन्हें तत्काल उपचार के लिए ले गए। पहले जितेंद्र को एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।


मृतक के रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

औचक निरीक्षण | बंदियों के स्वास्थ्य व भोजन की गुणवत्ता को परखा

# डीएम-एसपी ने जिला व केंद्रीय कारागार का किया निरीक्षण

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कानून-व्यवस्था एवं कारागार प्रशासन को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा बुधवार को जिला कारागार एवं केंद्रीय कारागार का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बंदियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की विशेष रूप से जांच की। रसोईघर में पहुंचकर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, भोजन बनाने की प्रक्रिया एवं स्वच्छता मानकों को परखा गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि बंदियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं का भी जायजा लिया गया। जेल चिकित्सालय में उपलब्ध दवाओं, डॉक्टरों की उपस्थिति एवं मरीज बंदियों के उपचार की व्यवस्था की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बीमार बंदियों को समय पर समुचित इलाज मिले और किसी भी प्रकार की शिकायत सामने न आए।साफ-सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। बैरकों, शौचालयों एवं परिसर की स्वच्छता की स्थिति देखकर अधिकारियों ने संतोष जताया, साथ ही नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखना जेल प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की भी गहन जांच की गई। सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, बैरकों की सुरक्षा एवं जेल में तैनात सुरक्षाकर्मियों की सतर्कता का परीक्षण किया गया।

अधिकारियों ने सुरक्षा में किसी प्रकार की ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए। अंत में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों के अधिकारों का सम्मान करते हुए उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस औचक निरीक्षण से जेल प्रशासन में हडकंप मचा रहा और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की प्रक्रिया तेज हो गई।



जिला कारागार का निरीक्षण कर निकलतीं जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

# हरदोई जाने की तैयारी कर रहे किसान नेता को किया नजरबंद

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने आरोप लगाया है कि उन्हें मंगलवार शाम से उनके आवास पर नजरबंद कर दिया गया है। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सात सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन देने के लिए हरदोई जाने की तैयारी में थे। प्रधानमंत्री हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का शुभारंभ करने पहुंचे।

प्रभाकांत मिश्रा ने बताया कि उनके घर के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अन्य पदाधिकारियों को भी अलग-अलग स्थानों पर नजरबंद किया गया है, ताकि वे हरदोई न जा सकें। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बताया कि वे प्रधानमंत्री को किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराना चाहते थे। उनके ज्ञापन में मुख्य रूप से सात प्रमुख मांगें शामिल थीं।

प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि नजरबंद किए जाने के बावजूद वे ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने लिंक एक्सप्रेसवे और सर्किल रेट से संबंधित मुद्दों पर प्रधानमंत्री से सीधे बात करने की इच्छा व्यक्त की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं घर के बाहर कादरी गेट थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### अहिंसा जैन वेलफेयर ट्रस्ट ने खोला प्याऊं

**जसवंतनगर।** बुधवार को अहिंसा जैन वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में नगर पालिका के सामने सब्जी मंडी गेट पर एक निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे और इस सेवा कार्य में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराने का यह प्रयास मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण माना गया।

### दो लोगों को कोर्ट उठने तक की सजा

**इटावा।** विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दुर्घटना के दो मामलों की सुनवाई करते हुए दो लोगों को दोषी पाते हुए कोर्ट उठने तक की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर जुर्माना भी लगाया। फ्रेंड्स कालोनी पुलिस ने दुर्घटना के मामले में वर्ष 2016 में विवेक प्रताप पुत्र राम बहादुर निवासी कोठी बाराबंकी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसे दोषी पाया और कोर्ट उठने तक की सजा व 25 सौ रुपया का जुर्माना लगाया। इसके अलावा कोर्ट ने दुर्घटना के मामले में कोमल सिंह पुत्र राम चरण निवासी मानिकपुर विसू इकदिल को भी दोषी पाया और उसे कोर्ट उठने तक की सजा व 21 सौ रुपया के अर्थदंड से दंडित किया।

### निर्माणाधीन दीवार गिराई, मजदूर घायल

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के हर्ष नगर निवासी सुमन चौहान ने बताया कि 23 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे वह मकान का निर्माण कार्य करा रही थीं। इसी दौरान मोहल्ले का ही अजय चौहान आया और गाली-गलौज करने लगा। उसने निर्माणाधीन दीवार में लात मारकर गिरा दिया। दीवार गिरने से वहां काम कर रहा टिलीटिला, महेवा निवासी मजदूर रामशंकर मलबे की चपेट में आने से गंभीर घायल हो गया। विरोध करने पर आरोपी ने अश्लील भाषा का प्रयोग किया और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने तहरीर पर आरोपी अजय चौहान के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक रामदास को सौंपी गई है।

## बारात में उपद्रव, पुलिस की निगरानी में कराई गई शादी

संवाददाता, भरथना

- भरथना थाना क्षेत्र के नगला हरी गंसरा गांव में मची अफरातफरी

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नगला हरी गंसरा गांव में एक युवती की बारात के दौरान हुए विवाद में दबंगों द्वारा गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगला हरी गंसरा गांव के रहने वाले रोहित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 अप्रैल को मेरी बहन की बारात आई थी। बारात चढ़ने के दौरान गांव के ही दो नामजद अपने दो अज्ञात साथियों के साथ पहुंचे और बारातियों के साथ गाली-गलौज करने लगे। सूचना पर मैं मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। पीड़ित ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी भाग निकले। पुलिस ने मौके पर मौजूद महिलाओं को समझाकर स्थिति शांत कराई और छीनी गई मोटरसाइकिल भी वापस दिलाई। आरोप है कि पुलिस के जाने के बाद आरोपी दोबारा लौटे और बारात न चढ़ने देने की धमकी देते हुए फिर से गाली-गलौज करने लगे। दोबारा सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में किसी तरह विवाह संपन्न कराया गया। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद भी आरोपी लगातार गाली-गलौज कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने थाना भरथना में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच कर रही है।

# ठेके पर महिलाओं का हंगामा, शराब फेंकी

संवाददाता, भरथना (इटावा)

- समसपुर में आबादी के बीच से शराब ठेका हटाने की उठी मांग
- शाम होते ही ठेके में गालीगलौज से महिलाओं का भड़का गुस्सा



हंगामे के बाद ठेके के बाहर पड़े शराब की शीशियां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भरथना थाना क्षेत्र के समसपुर गांव में आबादी के बीच स्थित शराब की दुकान के खिलाफ बुधवार को दोपहर महिलाओं का गुस्सा भड़क गया। गांव की महिलाओं ने और ग्रामीणों के साथ जमकर हंगामा किया। लोगों ने दुकान में घुसकर शराब की बोतलें उठाकर सड़क और नालियों में फेंक दीं। महिलाओं ने आबादी के बीच से ठेका हटाने की मांग उठाई है।

समसपुर गांव की रेखा, सुलोचना, ज्योति, पुष्पा, रश्मि, रीमा, नीलम, सरोज सहित बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ रामप्रकाश, पिंटू, शिवकुमार आदि ग्रामीणों ने बुधवार को ठेके पर हंगामा किया। उन्होंने बताया कि यह ठेका गांव में लंबे समय से अराजकता का कारण बना हुआ है। शाम होते ही ठेके के बाहर शराबियों का जमावड़ा लग जाता है, जो नशे में धुत होकर गाली-गलौज और अभद्रता करते हैं। कई बार राह चलती महिलाओं और युवतियों के साथ छींटाकशी की जाती है, जिससे उनका घर से निकलना मुश्किल हो गया है। इसी से परेशान होकर महिलाओं ने एकजुट होकर ठेके के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं और ठेका कर्मचारियों के बीच मारपीट भी हुई, जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मंगलवार देर शाम ठेका संचालक ने गांव के ही एक व्यक्ति के साथ मारपीट की, जिससे आक्रोश बढ़ गया। बुधवार सुबह ठेका खुलते ही महिलाओं ने ठेके का घेराव कर लिया और ठेके में रखी शराब की बोतलें और शीशियां सड़क पर फेंक दीं। ठेका कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि महिलाओं ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ डाले और लाखों रुपये की शराब का नुकसान कर दिया।

गांव की महिलाओं का कहना है कि ठेका कर्मचारी ने खुद शराब बाहर फेंकी है। ग्राम प्रधान कृपाशंकर ने बताया कि गांव के बीच स्थित शराब की दुकान के पास ही स्कूल भी है, जहां बच्चों का आना जाना रहता है। आसपास के घरों की महिलाएं लंबे अरसे से परेशान है। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस और आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

अधिकारियों ने महिलाओं को समझाने का प्रयास किया और काफी देर की मशक्कत के बाद स्थिति नियंत्रित किया। पुलिस ने आश्वासन दिया कि पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी के पैर में लगी गोली, इलाज के बाद भेजे गए जेल

# मुठभेड़ में गोलीकांड के दोनों हमलावर हत्थे चढ़े

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सोमवार को बाइक सवार हमलावरों ने युवक को मारी थी गोली
- सैफई थाना क्षेत्र के उझियानी के पास पुलिस के साथ हुई मुठभेड़



गिरफ्तार आरोपियों को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार को एक युवक को गोली मारकर घायल करने वाले दोनों हमलावरों से सैफई पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी गोलीबारी में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने दो तमंचे, तीन जिन्दा कारतूस, खोखा और चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस के मुताबिक सोमवार को आपसी रंजिश के चलते बाइक सवार हमलावरों ने बघुइया गांव के प्रवीन कुमार को गोली मारकर घायल कर दिया था। इस घटना के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार की रात सैफई थाना प्रभारी भूपेन्द्र सिंह राठी टीम के साथ हैवरा तिराहा बाईपास पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि 27 अप्रैल को सैफई क्षेत्र में युवक को गोली मारने वाले आरोपी हैवरा बाईपास की ओर बाइक से आ रहे हैं। कुछ देर बाद उझियानी की तरफ से एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए।

पुलिस टीम ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो वह बाइक मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे, जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। पुलिस टीम के पीछा करने पर बाइक सवार बदमाशों ने घिरता देख पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में मैनपुरी जिले के करहल थाना क्षेत्र के नगला बिहारी निवासी रानू भौकाली पुत्र कमलेश यादव के बाएं पैर में गोली लगी, जिसे पुलिस ने दबोच लिया, जबकि उसके साथी मैनपुरी जिले के ही करहल थाना क्षेत्र के नगला अलाई मौजा कथुआ निवासी अर्जेश भौकाली पुत्र राजवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 27 अप्रैल को पुरानी रंजिश के चलते प्रवीन कुमार को जान से मारने की नीयत से गोली मारी थी। उनके कब्जे से बरामद हुई बाइक उन्होंने उझियानी मेला क्षेत्र से चोरी की थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी रानू के विरुद्ध 9 और अर्जेश के विरुद्ध 4 मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस ने अस्पताल में मेडिकल कराने के बाद जेल भेज दिया है।

## मारपीट के मामले में संचालक पर रिपोर्ट

**इटावा।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के ओम नवजीवन हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में हुई मारपीट, बलवा और गुंडई की घटना में डॉक्टर शिव ओम वर्मा को भी आरोपी बनाया गया है।

पीड़िता सोनी राजपूत ने मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर लाइव आकर आत्महत्या करने की चेतावनी दी। इस के बाद पुलिस ने मुकदमे में कई धाराएं बढ़ाईं। सोनी राजपूत ने वीडियो में आरोप लगाया कि उन्हें लगातार धमकाया जा रहा है। यदि न्याय नहीं मिला तो वह सोशल मीडिया पर लाइव आकर आत्महत्या कर लेंगी। इस बयान के वायरल होते ही अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिए। सिविल लाइन थाना प्रभारी केके मिश्रा ने बताया कि मुकदमे में धारा 117 (2) के तहत असलहा लेकर हिंसा करना, धारा 190 के तहत बलवा, धारा 352 व 351 (3) के तहत मारपीट और हमला, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी से संबंधित धाराएं बढ़ाई गई हैं। साक्ष्यों के आधार पर डॉ. शिवओम वर्मा का नाम भी जोडा गया है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।



पत्रकारों से वार्ता करते प्रवीण तोगड़िया। अमृत विचार

## प्रवीण तोगड़िया का हुआ स्वागत

संवाददाता, महेवा

**अमृत विचार।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अंतराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगड़िया का जनपद इटावा भ्रमण के दौरान महेवा में भव्य स्वागत किया गया। हिंदू वादी नेता के के तिवारी के नेतृत्व में करीब आधा दर्जन जगहों पर लोगों ने माल्यार्पण कर तथा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

कस्बा में समाजसेवी ब्रजेश पाल के आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि आज हमें स्वयं में गर्व महसूस होता है कि राममंदिर का निर्माण हुआ ,बाबर की गुलामी से मुक्ति मिली ।

इस दौरान स्वागत करने वालो में प्रमुख रूप से के के तिवारी , चरन दास तिवारी ,नेकराम पाल ,अनुराग दीक्षित ,रजनीश पांडेय , प्रधान हरगोविंद पाल ,विमल राजपूत,अबधेश पाल , बृजेश पाल आदि ने स्वागत किया वहीं इसके बाद आनेपुर में झाड़ीश्वर सेवा समिति द्वारा स्वागत किया गया । बाद में बकेवर पहुंचने पर उनका स्वागत किया बाद में उन्होने लखना में कालिका मंदिर पर मां कालिका के दर्शन कर देश में सुख शांति की कामना की।



मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ प्रबंधक शिवप्रसाद यादव, साथ में कालेज का स्टाफ। अमृत विचार

## ज्ञान स्थली में मेधावियों का सम्मान

संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** कर्बा खेडा स्थित ज्ञानस्थली स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता चैयरमेन शिवप्रसाद यादव ने की। उन्होने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुष्पाहार व मिठाई खिलाकर व मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया।

इस मौके पर उन्होने कहा कि आज का दिन हमारे विद्यालय के लिए बेहद गर्व और खुशी का दिन है। आज हम यहाँ उन चमकते सितारों को सम्मानित करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम से न केवल अपने परिवार का, बल्कि हमारे विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। मेधावी छात्र सिर्फ अंकों से नहीं, बल्कि अनुशासन और सीखने की ललक से बनते हैं। आज सम्मानित होने वाले हर एक विद्यार्थी ने यह साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो सफलता निश्चित है। उन्होने कहा कि अपनी जिम्मेदारियों को समझें। यह सफलता आपकी यात्रा का अंत नहीं, बल्कि शुरुआत है। दुनिया आपकी प्रतिभा को देख रही है, और आज का यह सम्मान आपको भविष्य की बड़ी चुनौतियों के लिए प्रेरित करेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी जी ने सभी बच्चों को आशीर्वाद के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रबंध समिति प्रमुख शिवमंगल, ज्ञानस्थली ग्रुप ऑफ स्कूल्स के स्पोर्ट डायरेक्टर खेल वासिफ खान, वित्त प्रमुख नीरज त्रिपाठी, शिक्षक रहे।

## कार पर फायरिंग में वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जसवंत नगर।** क्षेत्र के नगला छंद में घर के बाहर खड़ी कार पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तमंचा और दो कारतूस बरामद किए हैं, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।

थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि नगला छंद निवासी वेदपाल सिंह ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। जांच में पता चला कि वादी के पुत्र मनीष और आरोपी अभिषेक यादव के बीच लेनदेन को लेकर विवाद था। दोनों के बीच फोन पर कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश में गुलाबबाड़ी निवाली अभिषेक यादव ने अपने साथी दीपा के साथ फायरिंग की थी। पुलिस ने बस स्टैंड के समीप से अभिषेक यादव को गिरफ्तार किया है।

## सम्मान पाकर खिल उठे मेधावी बच्चों के चेहरे

संवाददाता, इटावा




मेधावियों के साथ चेयरमैन कैलाश यादव और अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे विद्यालय के उन मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।मुख्य अतिथियों के रूप में डॉ. महेंद्र सिंह प्राचार्य केकेडिग्री कालेज , सर्वेश कुमार सिंह प्रभारी बीएसए, डॉ. मुकेश यादव एडीआईओएस, जीशान ब्लॉक एमआईएस का स्वागत विद्यालय के चेयरमैन डॉ. कैलाश चंद्र यादव एवं प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। ।कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्रों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्रों की उपलब्धियों पर विद्यालय परिवार ने गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था के अध्यक्ष डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि "सफलता कठोर परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम होती है। हमारे छात्र इसी मार्ग पर चलते हुए नई ऊँचाइयों को छू रहे हैं। विद्यालय सदैव छात्रों को बेहतर शिक्षा और संस्कार देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का भी प्रतिफल है।

### सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल

**इटावा।** बिठौली क्षेत्र के गढ़िया में वाहन की चपेट में आकर महेंद्र प्रताप पुत्र सागर सिंह निवासी गढ़िया घायल हो गया। परिजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। बकेवर क्षेत्र के नसीरपुर बोझा निवासी ओम नारायण पुत्र देवशंकर बाइक से बाजार गया था। वापस लौटते समय बकेबर बाईपास चौराहा ओबरब्रिज के पास बाइक का संतुलन बिगड जाने से सड़क पर गिरकर घायल हो गया। राहगीरों ने घायल बाइक सवार को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर में भर्ती कराया। कस्बा बकेवर के लखना रोड आदर्श नगर हनुमान मंदिर के पास निवासी शिवम पुत्र हरिश्चंद्र बाइक से कस्बा लखना स्थित कोचिंग पढ़ने के लिये जा रहा था। जैसे ही वह कस्बा लखना के नये नहर पुल के पास पहुंचा तभी बाइक में कार ने टक्कर मार दी जिससे छात्र शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को 50शैया अस्पताल बकेवर में भर्ती कराया गया।

## तरबूज की खेती से बदली तकदीर

**मैनपुरी।** औंछा क्षेत्र के अकबरपुर निवासी किसान वीरेंद्र सिंह ने परंपरागत खेती से हटकर कद्दूवर्गीय फसलों की ओर कदम बढ़ाया और आज सफलता की नई कहानी लिख रहे हैं। जहां अधिकांश किसान अभी भी गेहूं और धान की पारंपरिक खेती में लगे हैं, वहीं वीरेंद्र सिंह ने जोखिम उठाकर अपने एक एकड़ खेत में तरबूज की खेती शुरू की।



किसान वीरेंद्र सिंह मिसाल बने।

कड़ी मेहनत और नई तकनीक ने उनकी किस्मत ही बदल दी। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों की सलाह उनके लिए टर्निंग प्वाइंट साबित हुई। शुरुआत में चुनौतियां जरूर आईं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और पूरे मनोयोग से फसल की देखभाल की। आज उनकी तरबूज की फसल लहलहा रही है। महज पंद्रह दिन बाद जब यह फसल बाजार में पहुंचेगी, तो उन्हें अच्छा खासा मुनाफा मिलने की उम्मीद है। वीरेंद्र सिंह बताते हैं कि सभी खर्च निकालने के बाद भी वह करीब एक लाख रुपये तक की शुद्ध बचत कर लेते हैं, जो पारंपरिक खेती की तुलना में कहीं अधिक है। उनकी इस मेहनत और नवाचार को कई बार सराहा भी जा चुका है। उन्हें अच्छी खेती के लिए विभिन्न मंचों पर पुरस्कृत किया गया है। वीरेंद्र सिंह अब क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं, जो उनसे सीख लेकर आधुनिक खेती की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।

**शैक्षिक भ्रमण** | सुदिति ग्लोबल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने राजकीय पॉलिटेक्निक में किया शैक्षिक भ्रमण

# इंटर के छात्र-छात्राओं ने समझी तकनीकी शिक्षा

कार्यालय संवाददाता, इटावा



छात्र-छात्राओं को जानकारी देते पॉलीटेक्निक के शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सुदिति ग्लोबल एकेडमी के कक्षा 12वीं से 131 छात्र-छात्राओं ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा, प्रयोगात्मक ज्ञान एवं करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना था।

शिक्षकों के साथ छात्र प्रातः 9:00 बजे पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचे, जहां संस्थान की प्राचार्या मनीषा अस्थाना एवं प्रवक्ता सुरजन , कुमार, योगेंद्र प्रताप सिंह राजपूत ,पवन तिवारी तथा बृजेश यादव आदि ने उनका आत्मीय स्वागत किया। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को डेयरी लैब, मैकेनिकल, प्रोडक्शन एवं अन्य तकनीकी लैब का भ्रमण कराया गया और संबंधित विषयों की महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ करियर जागरूकता पर संवाद भी किया गया, जिसमें उन्हें तकनीकी शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों एवं भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को जलपान भी कराया गया, जिससे उनका अनुभव और भी सुखद रहा।

विद्यार्थियों ने इस शैक्षिक भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया और पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस शैक्षिक भ्रमण को संपन्न कराने में मार्गदर्शक शिक्षक एवं रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार, प्रवक्ता वैभव शुक्ला, रश्मि यादव, कीर्ति एवं पीटीआई ओमप्रकाश यादव का विशेष योगदान रहा।

भ्रमण से लौटने के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य कमल कुमार ने विद्यार्थियों से प्रतिक्रिया प्राप्त की और कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने तथा उनके भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### भगवान बुद्ध की कल निकलेगी शोभायात्रा

**इटावा।** तथागत सम्यक सम्बुद्ध की 2589वीं जयंती पर शाक्य सेवा समित की ओर से एक मई को दोपहर 3 बजे से बौद्ध विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से शोभायात्रा निकलेगी। शोभा यात्रा का समापन नुमाइश पंडाल स्थित गौतम बुद्ध पार्क होगा। शाक्य महासभा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शाक्य ने बताया कि बैसाखी पूर्णिमा पर बुद्ध शोभायात्रा का आयोजन बड़े धूमधाम से होगा। शोभायात्रा को लेकर गौतम बुद्ध पार्क की सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नुनारी वि0ख0 बेवर जनपद मैनपुरी**

पत्रांक –राज्यवित्त एवं पन्द्रहवां वित्त, योजनांतर्गत दिनांक– 29.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यवित्त एवं पन्द्रहवां वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत नुनारी विकासखंड बेवर जनपद मैनपुरी आवमुक्त अनुदान के लिए निम्न कार्य कराए जाने हेतु आमंत्रित की जाती है सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारों आपूर्तिकर्ताओं द्वारा मोहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 30/04/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदादाता कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है तथा दिनांक 06/05/2026 को 12 बजे तक निविदा मूल्य दे कर प्राप्त की जा सकेगी तथा उसी दिन शाम 02:00 बजे से 4:00 बजे तक निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय दिवस में निविदा खोली जाएगी निविदादाताओं के साथ जमानत राशि के रूप में एफडीआर/नगद के रूप में ग्राम पंचायत सचिव के पद नाम बंधक होना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का नाम | सामग्री की अनु. लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धरमंगदपुर में ब्रज सिंह के घर से टिन्नी के तक इण्टरलाकिंग निर्माण | ₹ 2.25 लाख | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 2 माह |
| 2 | पंचायत घर का सौन्दर्यीकरण | ₹ 1.25 लाख | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 2 माह |

विद्याराम – ग्राम प्रधान    रोहित राजपूत – पंचायत सचिव

## न्यूज ब्रीफ

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर मोर की मौत

**दिबियापुर।** बुधवार की सुबह गुंजन चौराहे पर राष्ट्रीय पक्षी मोर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। मोहल्ला निवासी दीपू यादव ने मानवता दिखाते हुए घायल मोर को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर बैठाया और उसे राहत देने का प्रयास किया। पुलिस और वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल मोर को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया, जहां बाद में वन विभाग की टीम भी पहुंच गई। वन विभाग के कर्मचारियों ने मोर का उपचार कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसने दम तोड़ दिया।

### जमीन के बंटवारे को लेकर भिड़े चाचा- भतीजे

**अयाना, औरैया।** थाना क्षेत्र के भौंतापुर निवासी रामप्रकाश अविवाहित थे। 27 अप्रैल की उनकी इलाज के दौरान सैफई में मौत हो गई। उनके हिस्से में आने वाली एक बीघा 15 विश्वा जमीन के बटवारे के लिए उनके भतीजे रविकांत राठौर व चचेरे भाई वीर सिंह राठौर में मौत के अलगे दिन मंगलवार रात आठ बजे आपस में भिड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले गई। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर आपस में झगड़ा हुआ था। दोनों का शांति भंग में चालान किया गया है।

### रेलवे स्टेशन के पास सूखी घास में लगी आग

**अछल्दा।** रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर बुधवार शाम सूखी घास में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर आरपीएफ और रेलवे कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया। दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर अछल्दा रेलवे स्टेशन के पूर्वी साइड स्थित लूप लाइन-4 के पास बुधवार शाम करीब 5:05 बजे अज्ञात कारणों से सूखी घास में आग लग गई। तेज हवा के चलते आग धीरे-धीरे रेलवे ट्रैक के किनारे फैलने लगी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे कर्मी पप्पू कुमार, राजू कुमार, पुष्पेंद्र कुमार तथा आरपीएफ जवान हरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर बाल्टियों से पानी डालकर करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद 5:25 बजे आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि इस घटना में रेलवे संपत्ति या रेल यातायात को कोई नुकसान नहीं हुआ। आग बुझने के बाद रेलवे कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

# कारों की भिड़ंत में दो युवक गंभीर घायल

## उरई-कानपुर हाईवे पर गल्लामंडी के सामने हुआ हादसा

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** हाईवे पर गल्ला मण्डी के सामने दो चार पहिया वाहनों की भिड़ंत हो गई। इसमें दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। हादसे में झांसी से उन्नाव जा रहे दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें सूचना पर पहुंची 112 एंबुलेंस ने सीएचसी में दाखिल कराया। अव्यवस्थाओं के चलते घायल एक घंटे तक तड़पते रहे।

बुधवार लगभग दस बजे गल्ला मण्डी के सामने अर्टिगा कार उरई की तरफ से आ रही थी इसी दौरान बुलेरो गलत दिशा से उसी रोड पर आ गयी जिससे दोनों में भिडन्त हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी की दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये। हालांकि इस दौरान बुलेरो सवारों को कम चोट आई थी और वह हादसा होते ही वाहन छोड़ मौके से भाग निकले। मौके पर मौजूद लोगों ने अर्टिगा में बुरी तरह फंसे दो युवकों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला । डायल 112 के पुलिस कर्मियों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया। घायल युवकों की पहचान अभय मिश्रा पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा तथा विशाल तिवारी पुत्र पंकज तिवारी निवासी शुक्लागंज उन्नाव हुई है जो झांसी से लौटकर अपने घर जा रहे थे। मौके पर मौजूद डाक्टर शेख शहरयार के मुताबिक दोनों गंभीर घायल आए जिनका प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।




हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन। अमृत विचार

### रेफर के बाद एक घंटे तक तड़पते रहे घायल

- हादसे में दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हुए थे जिन्हें डायल 112 ने अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर किया। जिसकी सूचना पुलिस को दी थी लेकिन इस प्रक्रिया में लगभग एक घंटे का समय लगा, उचित इलाज के अभाव में वह दर्द से तड़पते रहे। डाक्टर के मुताबिक उन्होंने दुर्घटना में घायलों की सूचना पुलिस को समय से दे दी थी, लेकिन वह देर से पहुंचे।

## विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**दिबियापुर।** गेल डीएवी मॉडल स्कूल में अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों ने आग से बचाव और सुरक्षा उपायों पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सभी को जागरूक किया।

नाटक के माध्यम से बच्चों ने आग लगने की स्थिति में सतर्कता, बचाव के तरीके और आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान गेल की फायर फाइटिंग टीम ने अग्निशमन का जीवंत प्रदर्शन किया। टीम ने फायर टेंडर की क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए आग बुझाने की तकनीकों की जानकारी दी। साथ ही शिक्षकों और छात्रों को भी अग्निशमन उपकरणों का प्रयोग करने का अवसर दिया गया, जिससे उन्होंने स्वयं भी हाथ आजमाए। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक जितेन्द्र पाठक, महाप्रबंधक नवनीत शर्मा, उपमहाप्रबंधक विभु रंजन साहू, सिविल विभाग के अध्यक्ष पदीराजू रमेश, मुख्य वित्त प्रबंधक मनीष यादव, अग्नि एवं सुरक्षा उपमहाप्रबंधक मनीष कुमार, सुरक्षा विभाग प्रमुख केके सैनी सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।



पलटी पड़ी ट्राली। अमृत विचार

# तिर्वा मार्ग पर फिर पलटी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली

संवाददाता,बेला (औरैया)

**अमृत विचार।** बेला क्षेत्र के तिर्वा मार्ग पर बुधवार को एक बार फिर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। डॉ. वर्मा क्लीनिक के पास भूसे से लदी एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली दिबियापुर से भूसा लेकर तिर्वा की ओर जा रही थी। जैसे ही वाहन डॉ. वर्मा क्लीनिक के पास पहुंचा, सड़क पर बने गहरे गड्ढे में आने से उसका संतुलन बिगड़ गया और ट्रॉली पलट गई। गौरतलब है कि इसी स्थान पर चार दिन पहले भी भूसे से लदी एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट चुकी है। लगातार हो रहे इन हादसों ने सड़क की बदहाल स्थिति और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसों के पीछे दो मुख्य कारण हैं—पहला, वाहनों में क्षमता से अधिक ओवरलोडिंग और दूसरा, सड़क पर बने गहरे गड्ढे। यह मार्ग काफी व्यस्त रहता है। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द सड़क की मरम्मत कराने और ओवरलोड वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में गंभीर हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया की यातायात सुचारु रूप से चल रहा है। ट्रैक्टर ट्राली सड़क से हटवा दी गई थी।

## अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा

**बिधूना।** एसडीएम गरिमा सोनकिया पुलिस क्षेत्राधिकारी पी पुनीत मिश्रा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान के नेतृत्व में नगर पंचायत में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। जिसके तहत जेसीबी की मदद से फीडर रोड लोहा मंडी बेला रोड, बाईपास रोड पर नाली से नाली तक टीन, तखत, पटिया आदि हटवाया गया। इस अवसर पर एक दो व्यापारियों से प्रशासन की कहासुनी हुई। अतिक्रमण अभियान की भनक लगते ही ज्यादातर व्यापारियों ने अपने टीन तखत पटिया आदि सामान हटा लिया। एसडीएम गरिमा सोनकिया पुलिस क्षेत्राधिकारी पी पुनीत मिश्रा ने नगर के व्यापारियों को ताकीद कराया कि यदि दोबारा अतिक्रमण करने का प्रयास किया तो रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ सामान भी जब्त होगा। इस अवसर पर हर किशोर नायब तहसीलदार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान, अनिल तिवारी इंस्पेक्टर क्राइम, कस्बा प्रभारी सुहेलखान, मेवालाल उपनिरीक्षक, योगेन्द्र सिंह उप निरीक्षक रविन्द्र सिंह उप निरीक्षक, जेडी सिंह उपनिरीक्षक, अधिशाषी अधिकारी राजकमल के अलावा पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# धूप में निकलने से बचें

- सीएचसी अधीक्षक ने हीट स्ट्रोक से बचने के बताए उपाये

**दिबियापुर, औरैया।** बढ़ते तापमान में धूप से बचाओ बहुत जरूरी है। गर्मी में शरीर को पानी की आवश्यकता है इसलिये पानी की कमी घातक हो सकती है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. विजय आनंद ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि हीट स्ट्रोक से बचाव के लिये पूरे शरीर को ढकने वाले वस्त्र पहन कर बाहर निकलें तथा पैरों में जूते मोजे भी पहनें। उन्होंने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक धूप में न निकलें बहुत जरूरी हो तो ही बाहर जायें। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में खानपान का विशेष ध्यान रखें। बासी भोजन से परहेज करें तथा घर में तैयार ताजा भोजन करें। उन्होंने बाहर के खाद्य पदार्थों को न खाने की सलाह देते हुए कहा कि तेज मिर्च मसालों के बजाय हल्का और ताजा खायें। उन्होंने मौजूदा समय में छाछ, दही, लस्सी, नीबू पानी, पुदीना, सत्तू समेत खीरा, ककड़ी, सलाद एवं हरी सब्जियां खाने की सलाह दी।



जानकारी देते सीएचसी प्रभारी।

# मेंटिनेंस कार्य के चलते बिजली आपूर्ति बाधित, लोग परेशान

संवाददाता,अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** बुधवार को अछल्दा विद्युत उपकेंद्र पर मशीनों और उपकरणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मेंटिनेंस कार्य कराया जा रहा है। इस दौरान अछल्दा, न्यू अछल्दा, मुहम्मदाबाद, रुरुगंज और गुनौली फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रही, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

कहा सुबह 11:30 बजे आपूर्ति बंद कर मरम्मत कार्य शुरू किया गया। अवर अभियंता धीरेन्द्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में उपकेंद्र पर कार्य लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि मशीनों के रखरखाव और सुरक्षा के लिए यह कार्य आवश्यक है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या न हो। मेंटिनेंस कार्य में विभागीय टीम के सदस्य प्रवीण, मेध सिंह, राजकुमार उर्फ राजा भैया, शिवम शाक्य और अखिलेश उर्फ तोता सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्य पूर्ण होने के बाद ही विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से बहाल की जाएगी।



मशीनों को दुरुस्त करते बिजली कर्मचारी। अमृत विचार

## पुलिस ने अभियान चला 50 बाइकों का किया चालान

संवाददाता,बेला (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया।

इस कार्रवाई के दौरान कुल 50 बाइकों के चालान किए गए। जबकि 10 ऑटो को जब्त (सीज) कर दिया गया। अभियान के तहत नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से करीब 3,50,000 रुपये का सम्मन शुल्क वसूला गया। यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई। इस अभियान का नेतृत्व यातायात प्रभारी देवेंद्र कुमार ने किया। उनके साथ आरक्षित राघवेंद्र कुमार, अनिल कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले, ओवरलोडिंग करने वाले ऑटो तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। जनता से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर ज्ञापन

अछल्दा/बिधूना (औरैया)

- हिंदू सुरक्षा सेवा संघ ने बिधूना तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** हिंदू सुरक्षा सेवा संघ द्वारा बुधवार को बिधूना तहसील में प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन तहसीलदार प्रतिमा पाल को दिया गया, जिसमें गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

संगठन के जिला महामंत्री सम्राट श्रीवास्तव ने बताया कि ज्ञापन में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। साथ ही, गोहत्या करने वालों के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान किए जाने पर भी जोर दिया गया, ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में गोमाता का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है, इसलिए संगठन का मानना है कि उन्हें राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाना चाहिए। इस दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष सक्षम पोरवाल, राज पोरवाल, रमन कोरी, प्रबल प्रताप, अंकित चक्रवर्ती, लालजी तोमर सहित कई अन्य सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।



तहसीलदार को ज्ञापन देते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

## कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, तीन लोग घायल

**अयाना, औरैया।** भीखेपुर-जुहीखा मार्ग पर बरबटपुर मोड़ पर जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो लिखी कार बाइक सवारों को टक्कर मारती हुई पुलिया से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। बरबटपुर निवासी शिवा 19, अपने भाई गौरव 14 व बहन प्रिया 21 के साथ बाइक से बाबरपुर निवासी मामा लालजी की बेटी की शादी में शामिल होने जा रहे थे। बरबटपुर लिंक मार्ग से भीखेपुर-जुहीखा मार्ग पर चढ़ने के दौरान जुहीखा की ओर जा रही तेज रफ्तार कार उनको टक्कर मारने के बाद पुलिया से टकरा गई। घटना के बाद कार सवार लोग मौके से भाग निकले। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने तीनों घायलों को सीएचसी अयाना में भर्ती करवाया है।

# राजा बलि की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

संवाददाता,अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** न्याय पंचायत घसारा के ग्राम बघईपुर स्थित काल सेन बाबा मंदिर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा वाचन के दौरान व्यास राजवती शास्त्री ने भक्त राजा बलि की कथा का विस्तार से वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि राजा बलि की भक्ति और भगवान के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। कथा के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि सच्ची भक्ति से ही मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। कथा सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर सुखराम सिंह यादव, सौरभ यादव, त्यागी महाराज, सन्नू यादव, जीतू खेरा, राम सिंह यादव, निरपत सिंह (मास्टर), जयराम सिंह, धर्मेंद्र भदौरिया, प्रदीप यादव सहित परीक्षित बाबा मुरारी दास एवं द्वारकाधीश मंदिर बघईपुर के श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग शामिल हुए।




कथा का रसपान करते श्रद्धालु। सुंदर कांड पाठ के दौरान मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

### हिन्दू युवा मोर्चा संघ ने सुंदरकांड पाठ का किया आयोजन

- **फफूंद, औरैया।** हिन्दू युवा मोर्चा संघ के द्वारा सुंदर कांड पाठ आयोजित किया गया। आयोजक संजीव कुमार राजपूत हिन्दू युवा मोर्चा संघ परिवार द्वारा सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन सम्पन्न कराया गया। संजीव कुमार राजपूत आवाहन पर किया गया। यह पाठ पूर्व सूचना अनुसार निर्धारित शाम 5 बजे भजन कीर्तन के साथ पाठ से प्रारंभ होकर देर शाम 9 बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर हिन्दू युवा मोर्चा संघ संरक्षक विनोद तिवारी, विनोद कोस्टा, ओबरन सिंह राजपूत, प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा, प्रदेश संगठन महामंत्री गौरव श्रीवास्तव, बृजेन्द्र कुमार (लाला सविता) संगठन मंत्री, अनुराग धनगर नगर अध्यक्ष,पुत्तन पाठक, प्रशांत शर्मा, गोपाल अवस्थी, निखिल शुक्ला, सुनील गुप्ता, आलोक अगिनहोत्री, संजीव कुमार राजपूत, भारत सिंह कुशवाहा मनोज कुमार, राकेश पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

स्पर्धा | उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित हुई अस्मिता वॉलीबाल लीग

# वॉलीबाल प्रतियोगिता में एमए इस्लामिया विजेता

संवाददाता, बिधूना (औरैया)

**अमृत विचार।** अस्मिता वालीबॉल लीग उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में रैपिड ग्लोबल स्कूल बिधूना में संपन्न हुई। उद्घाटन मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी गरिमा सोनकिया व विशिष्ट अतिथि रैपिड ग्लोबल स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुपम सिंह ने की।

अध्यक्षा जिला ओलंपिक संघ औरैया की उपाध्यक्ष दीप्ति कमल राठौर ने की। मुख्य व विशिष्ट अतिथि का स्वागत व सम्मान जिला ओलंपिक संघ के महासचिव मनीष मिश्रा ने बुके व स्मृति चिन्ह देखकर किया। मुख्य अतिथि उप जिला अधिकारी गरिमा सोनकिया ने कहा कि वर्तमान में भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार ने बालिकाओं व महिलाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए व 2036 में ओलंपिक खेलों को देखते हुए इस प्रकार के आयोजन को बढ़ावा दिया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों को सरकार बड़े-बड़े पदों पर सीधा नियुक्त कर रही है। जैसे वर्तमान में क्रिकेटर रिंकू सिंह को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी और ओलंपियन ललित उपाध्याय को अपर पुलिस अधीक्षक पद पर सीधे खेल कोटे से नियुक्त किया गया है । अस्मिता लीग में 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। लीग में पहला मुकाबला ब्राइट माइंड स्कूल ने इन्फेंट्री क्लब को दो- एक सेट से हराया, दूसरे मैच में एम ए इस्लामिया ने बढ़ींन स्टेडियम को दो - एक सेट से हराया। पहला सेमीफाइनल रैपिड ग्लोबल स्कूल और ब्राइट माइंड स्कूल के बीच खेला गया । जिसमें रैपिड ग्लोबल स्कूल ने सीधे दो सेट से जीत हासिल की। दूसरा सेमीफाइनल एम ए इस्लामिया ने एम एल डी सहार को कड़े मुकाबले में दो - एक सेट से हराया। फाइनल मुकाबला रोमांचक था जो रैपिड ग्लोबल स्कूल और एम ए इस्लामिया के बीच हुआ। एम ए इस्लामिया ने दो- एक सेट से फाइनल मैच जीता। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से सभी खिलाड़ियों को अस्मिता खेलो इंडिया की टी-शर्ट व प्रमाण पत्र निःशुल्क प्रदान किए गए। विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को सभी निर्णायकों को टीम लाने वाले सभी कोच मैनेजर को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम जिला वालीबॉल एसोसिएशन औरैया के तकनीक की सहयोग से संपन्न हुआ। जिसमें वालीबॉल एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अध्यक्ष रविंद्र राजपूत (रवि), राहुल गुप्ता, राजीव गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, शिवम सिंह, शशांक पाल आदि थे। कार्यक्रम संयोजक जिला ओलंपिक संघ के महासचिव मनीष मिश्रा रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम सह संयोजक मुकुल यादव ने किया। निर्णायक के रूप में श्याम तिवारी, रवींद्र सिंह आदि मौजूद रहे।




खुशी का इजहार करती विजेता टीम। अमृत विचार

## परेशानीः पंपों पर नहीं मिल रहा पेट्रोल

**जालौन।** नगर के पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं को पेट्रोल नहीं मिल पा रहा है। उपभोक्ता पेट्रोल के लिए परेशान हो रहे और पंपों के चक्कर लगा रहे हैं।

नगर व आसपास संचालित पेट्रोल पम्प संचालक मनमानी कर रहे हैं। इस समय किसानों को डीजल की आवश्यकता है। खराब मौसम के चलते किसान फसलों की कटाई कराना चाह रहा है लेकिन उन्हें पर्याप्त डीजल न मिलने के कारण दिक्कत हो रही है। नगर व आसपास बुधवार से पेट्रोल की कमी बताकर पंप संचालक उपभोक्ताओं को पेट्रोल नहीं दे रहे हैं। उरई जालौन मार्ग भिटारा के पास संचालित इंडियन आयल के पेट्रोल पम्प पर एक सप्ताह से डीजल व पेट्रोल नहीं मिल पा रहा है। पंप ऑपरेटर द्वारा डीजल, पेट्रोल न मिलने की बात कही जा रही है।



जनगणना का प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

# 892 कार्मिकों को दिया जनगणना प्रशिक्षण

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को समाप्त हो गया। इस दौरान 9 दिनों में 892 कार्मिक तैयार हुए हैं जिन्हें एसडीएम ने राष्ट्रीय कार्यक्रम की गोपनीयता बनाए रखने की शपथ दिलाई। मई माह में जनगणना कार्यक्रम का पहला चरण शुरू हो जाएगा। जिसमें भवनों को सूचीबद्ध कर उनकी गणना की जाएगी और इसबार यह कार्यक्रम पूरी तरह से आनलाइन होना है। जिसके लिए शिक्षकों को लगाया गया है। प्रशासन ने इस कार्यक्रम की तैयारी पहले ही पूरी कर ली थी प्रशासनिक सूत्रों की माने तो तहसील क्षेत्र 556 सेक्टरों में बांटा गया है जिसमें प्रति प्रगणक को महज 150 घरों का डाटा तैयार करना है। 21 अप्रैल से एमएसवी इंटर कालेज में प्रशिक्षण शुरू हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### इनामी गैंगस्टर को पुलिस ने दबोचा

**सुमेरपुर।** साढ़े तीन माह से गैंगस्टर एक्ट में फरार इनामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 14 जनवरी को तत्कालीन थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने मौदहा निवासी मुफीद अहमद, कलौलीतीर के आलोक यादव, कुछेछा के दीपक निषाद, कुरारा के संजय वर्मा उर्फ संजय अहिरवार के खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। दीपक निषाद फरार चल रहा था। बुधवार को पुलिस ने कुण्डौरा गांव के समीप दीपक निषाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने इस पर 3 फरवरी को 25 हजार का इनाम घोषित किया था।

### भाई और भतीजे के खिलाफ दी तहरीर

**बिवांर।** क्षेत्र के चंदौली अहीर गांव निवासी गंगाप्रसाद वर्मा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि चार भाइयों में जमीन का आपसी बंटवारा हो गया है। पीछे के हिस्से में रास्ता नहीं है। चार दिन से मवेशियों को चारा-पानी नहीं खिला पा रहा है। छोटा भाई छोटेलाल, भतीजा अशोक आने-जाने नहीं दे रहे हैं। जाने पर मारपीट करने के लिए आमादा हो जाते हैं। एसआई मोहम्मद मोहम्मद सुल्तान ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट से जुड़े दो मामलों में वांछित अशोक लोधी उर्फ मुच्छा को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे गल्हिया से दबोचा। पुलिस के अनुसार अशोक लोधी उर्फ मुच्छा के खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### प्रधान प्रतिनिधि और भाई ने मारपीट की

**कुरारा।** डामर गांव के दौलतराम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 27 अप्रैल की रात भतीजे रमाकांत की बारात महोबा गई थी। बारात में शामिल वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई थी। वह सूचना घर देने जा रहा था, तभी गांव के कुआं के पास दुकान में शराब पी रहे गांव के प्रधान प्रतिनिधि संजय कुशवाहा व उसका भाई कुंवर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर दोनों ने जमीन पर पटक दिया और मारपीट की। पुलिस जांच कर रही है।

### झांसा देकर महिला के साथ टप्पेबाजी

**हमीरपुर।** कुरारा क्षेत्र के कुतुबपुर के रामसनेही की पत्नी केतकी प्रजापति बुधवार को इलाज कराने जिला अस्पताल आई थी। अस्पताल के बाहर टप्पेबाज ने केतकी को लक्ष्मी प्राप्ति का झांसा दिया। झांसे में आकर केतकी ने कान के बाले, एक हजार रुपये काली पॉलिथीन में डालकर उसे दे दिए। इसके बाद टप्पेबाज भाग गया। सूचना पर सदर कोतवाली के दरोगा नवीन त्रिपाठी ने जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी तक पहुंचने का हर संभव प्रयास है।

### इंटर एवं हाईस्कूल के टॉपरों का सम्मान

**सुमेरपुर।** हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के मेधावियों का सम्मान हुआ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आलोक पाठक ने बताया कि इंटर में अनामिका 91.20% अंक पाकर जिले में 8वां तथा कॉलेज में प्रथम स्थान पाया है। खुशबू 86.20, लक्ष्मी देवी ने 82.88, रेशमी ने 82% अंक प्राप्त किए हैं। हाईस्कूल में अरविंद कुमार ने 90%, विमल ने 88%, अंकित ने 86.6% अंक हासिल किए है। सभी का सम्मान हुआ। यहां जिला समन्वयक डॉ. राजेंद्र सिंह, उमाशंकर नोखेलाल यादव, पवन कुमार, प्रमोद पटेल, दीपेश, कृष्ण कुमार, कमल कुमार आदि मौजूद रहे।

### व्यापारियों ने जाम से मांगा छुटकारा

**हमीरपुर।** व्यापार बंधु की बैठक में सुमेरपुर नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कस्बे में पेयजल संकट और थाने के बगल में नाला निर्माण के लिए खोदाई का मामला उठाया। अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने बताया कि नगर पंचायत की ओर से प्रमुख स्थानों पर लगाए गए वाटर कूलर बंद होने से व्यापारी, राहगीर, स्कूली बच्चे परेशान हैं। थाने के पीछे पुरानी गल्ला मंडी के रास्ते को नाला के निर्माण के लिए खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे जाम की समस्या है। इसी रास्ते में कई बैंक, क्रय-विक्रय सहकारी समिति, क्षेत्रीय सहकारी समिति हैं। लोगों का दिन भर आना जाना है। जाम से व्यापारियों के साथ राहगीरों को जूझना पड़ता है।

## आधा दर्जन संदिग्ध महिलाएं हिरासत में

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली पुलिस ने बीती रात किसी अपराध को अंजाम देने की योजना बनाती आधा दर्जन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। जिनका संबंध बावरिया गैंग से होने की संभावना जताई जा रही है।

कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान कस्बे के बाहर नेशनल हाईवे पर स्थित बीएसएनएल टावर के निकट से राधिका बंजारन पत्नी राजवीर, शीला बावरिया पत्नी मुकेश, रेखा बावरिया पत्नी आकाश, सोमवती बावरिया पत्नी धर्मेंद्र निवासीगण सोहना गुड़गांव हरियाणा, रेखा बावरिया पत्नी गोविन्द मोहाना रोहतक हरियाणा और आशा बंजारन पत्नी शैलेन्द्र निवासी लक्ष्मी नगर डरबई जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया है। हालांकि पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के बाद अभी कुछ खुलासे की जानकारी नहीं हो सकी है। बताते चलें कि उक्त महिलाओं का सम्बन्ध बावरिया गैंग से होने की संभावना जताई जा रही है जो दिन में बच्चों को लेकर भिक्षा वृति कर रेकी करतीं हैं और रात में गिरोह के पुरुष सदस्यों द्वारा चोरी और लूट जैसी घटना को अंजाम दिया जाता है।

## जर्जर तार टूटने से 60 बीघे में गेहूं की पराली जली

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के जल्ला सब स्टेशन से जुड़े गांव जखेला व भैंसापाली में जर्जर लाइनों से विद्युत आपूर्ति हो रही है। जिससे आए दिन विद्युत तार टूटकर गिरते हैं। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने जर्जर तारों को बदलने की मांग की है। वहीं झूलते तारों के टूट जाने से 60 बीघे की पराली जलकर राख हो गई।

विकासखंड क्षेत्र के जल्ला सब स्टेशन से जुड़े गांव जखेला व भैंसापाली मे करीब 30 साल पुरानी विद्युत लाइनों से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। झूले जैसे झूलते तारों में तेज हवा चलती है तो तार आपस में टकराकर टूट जाते हैं। मंगलवार को जखेला गांव में राकेश पाठक के खेत में विद्युत लाइन का तार टूट कर गिर गया, जिससे खेतों में खड़ी पराली में आग लग गई। जिससे 60 बीघे की पराली जलकर खाक हो गई।



आग से जलकर खेत पर राख बन गई गेहूं की पराली। अमृत विचार

- **ग्रामीणों ने जर्जर लाइनों के तारों को बदलने की मांग की**

गांव के राकेश पाठक ने बताया कि भूसा बनवाने के लिए पराली खड़ी थी। जर्जर लाइनों का तार टूट जाने के कारण पराली जलकर खाक हो गई। जिससे भूसा का संकट पैदा हो जाएगा। वहीं भैंसापाली गांव में मंगलवार को दोपहर करीब 2 बजे वासुकदेव मंदिर के पास रखा ट्रांसफार्मर अचानक धू धू कर जलने लगा। जिससे आधे गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

गांव के उपेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर जल जाने से बीते 2 दिनों से भीषण गर्मी में रातों की नींद में खलल पड़ रहा है। कस्बे के वार्ड नंबर 9 के निवासी डॉक्टर बलवान् सिंह गौर ने बताया कि गर्मी शुरू होते कस्बा की विद्युत आपूर्ति आंख मिचोली शुरू होने से लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। जल्ला सब स्टेशन के अवर अभियंता दयानन्द यादव से बात की तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## ट्रैक्टरों की लंबी कतार, हाईवे तक जाम

### बाजार में गेहूं के दाम बढ़ने पर उमड़े किसान, भीषण जाम में एसडीएम, स्कूली बच्चे और एंबुलेंस भी फंसीं

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** खुले बाजार में गेहूं के दामों में अचानक उछाल आने सैकड़ों किसान ट्रैक्टर ट्राली में गेहूं भरकर उमड़ पड़े। इससे मंडी गेट में भीषण जाम लग गया और हाईवे तक ट्रैक्टरों के खड़ा हो जाने से हाईवे जाम हो गया। हाईवे पर जाम होने से एसडीएम सदर, रोडवेज बसें, स्कूल बच्चे, एंबुलेंस आदि फंस गए। जाम की सूचना पाकर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और एक घंटे तक चिलचिलाती धूप में खड़े होकर जाम खुलवा कर यातायात सामान्य कराया।

बुधवार को जैसे ही किसानों को यह पता चला कि खुले बाजार में गेहूं के दामों में उछाल आ गया है। करीब 500 किसान ट्रैक्टर ट्राली में गेहूं लादकर गल्ला मंडी पहुंच गए। गल्ला मंडी में अंदर से लेकर बाहर तक ट्रैक्टरों की कतार लग गई और गल्ला मंडी के मुख्य गेट से लेकर सामने नेशनल हाईवे 34 तक जाम लग गया। हाईवे में जाम लग जाने से एसडीएम सदर, रोडवेज बसें, स्कूल बसें, एंबुलेंस के साथ सैकड़ों छोटे बड़े वाहन दोनों तरफ फंस गए। उस समय दोपहर के 12:00 बज रहे थे।



मंडी गेट पर लगी गेहूं से भरे ट्रैक्टरों की लाइन। अमृत विचार



हाईवे पर लगे जाम को खुलवाते थानाध्यक्ष। अमृत विचार

- **चिलाचिलाती धूप में जाम खुलवाने में पुलिस को छूटा पसीना**
- **बाजार में गेहूं के दामों में 150 रुपये प्रति क्विंटल का इजाफा**

चिलचिलाती धूप में जाम लग जाने से गर्मी के चलते स्कूली बच्चे राहगीर परेशान हो उठे। जाम की सूचना पाकर थानाध्यक्ष योगेश तिवारी, कस्बा इंचार्ज सुरेंद्र यादव, फैक्टरी एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और गल्ला मंडी के मुख्य गेट से लेकर हाईवे तक खड़े किसानों के ट्रैक्टरों को किसी तरह गल्ला मंडी के अंदर पहुंचा कर हाईवे के जाम को एक घंटे बाद सामान्य कराया। जाम खुलने से राहगीरों एवं स्कूली बच्चों ने राहत की सांस ली। जाम के चलते हाईवे पर करीब दो घंटे से ज्यादा समय तक यातायात बाधित रहा।

गल्ला मंडी गेहूं लेकर आए किसान धीरेंद्र यादव, मुन्ना द्विवेदी, वंश लाल सिंह, सज्जन द्विवेदी, प्रदीप गुप्ता, अजय कुमार, रामबाबू, सौरभ सिंह, शिव सिंह, आसाराम यादव, फूल सिंह, श्याम सिंह, राजा सिंह, इंद्रपाल सिंह आदि ने बताया कि इस सप्ताह खुले बाजार में गेहूं के दामों में 150 रुपये प्रति क्विंटल का इजाफा हुआ है। खुले बाजार में गेहूं के दाम 2400 प्रति क्विंटल पहुंच गए हैं। एक सप्ताह पूर्व गेहूं के दाम खुले बाजार में 2250 रुपये प्रति क्विंटल में 150 रुपये का इजाफा होने से किसानों की संख्या अचानक बढ़ी है। यह बाजार दाम सरकारी रेट से महज 185 रुपये प्रति क्विंटल कम है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## मौदहा में अतिक्रमण हटाने को लेकर चर्चा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के मेन रोड़ में अतिक्रमण को लेकर उपजिलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों से बैठक की। बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया और कहा कि अतिक्रमण हटाओ अभियान से हमारा धंधा प्रभावित हो रहा है। जिस उपजिलाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि नालियों और सड़कों से हर हाल में अतिक्रमण हटाया जाएगा।

बता दें कि व्यापारियों ने बैठक करने की मांग की थी, जिसके बाद बुधवार को नगर में भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल और भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की संयुक्त बैठक उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह व क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय ईओ सीमा तोमर के साथ संपन्न हुई। बैठक में कस्बे में बढ़ रहे अतिक्रमण के मुद्दे पर विस्तृत

- **मौदहा एसडीएम ने व्यापारियों के साथ बैठक कर किया मंथन**

चर्चा हुई। अधिकारियों ने सभी व्यापारियों से आग्रह किया कि वे नाली के बाहर रखा अपनी दुकान के सामान को अंदर कर लें। बैठक में तय हुआ कि अतिक्रमण का सीमांकन कराकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों से अपील की वह सभी व्यापारी भाइयों को जागरूक करें और अतिक्रमण हटाने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि आवागमन सुगम हो सके और जाम की समस्या से निजात मिले। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी प्रशासन को आश्वासन दिया कि व्यापारी खुद अतिक्रमण हटाएंगे और नगर को स्वच्छ-सुंदर बनाने में सहयोग करेंगे। बैठक में उपस्थित रहे राजनारायण गुप्ता, धनीराम गुप्ता, नितिन ओमर, प्रशांत ओमर, मैहर कुमार, धनीराम गुप्ता, डॉ.गौतम आदि मौजूद रहे।

### दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**राठ (हमीरपुर)।** ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हुए दो बाइक सवार युवकों में से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। घटना जरिया थाने के कछवा कला मोड़ पर एक सप्ताह पहले हुई थी। पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया। बतादें कि बीते 22 अप्रैल को चिकासी थाने के बढेरा माफ गांव निवासी शिवम (20) पुत्र देवीदीन अपने मौसेरे भाई ऋतिक के साथ रिश्तेदारी में शादी के कार्ड बांटने गए थे। जरिया थाना क्षेत्र के धगवां गांव से राठ आते समय कछवा कला मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इस हादसे में बाइक सवार शिवम और ऋतिक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज झांसी मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। बुधवार को इलाज के दौरान शिवम की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि शिवम की मां का देहांत उसके जन्म के समय ही हो गया था। उसका पालन पोषण उसके ननिहाल बढेरा माफ में हुआ था।

## ईदगाह मैदान पर गेट निर्माण ध्वस्त

**मौदहा।** नगर के मीरा तालाब स्थित ईदगाह स्थल पर गेट निर्माण के विरोध के बाद बुधवार को उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रशासनिक व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य को रुकवाते हुए गेट को ढहा दिया।

समाजसेवियों ने उपजिलाधिकारी से शिकायत की थी कि कंस मेला की जमीन पर गेट का निर्माण कराया जा रहा है। बुधवार को एसडीएम करनवीर सिंह, सीओ, कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह, ईओ सीमा तोमर सहित राजस्व टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान निर्माण अवैध पाए जाने पर तुरंत रोक लगा दी गई और गेट को ध्वस्त करा दिया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह, निशांत गुप्ता, आशीष गोस्वामी, प्रमोद वर्मा, डॉक्टर गौतम ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया था, कि यह निर्माण कंस मेला की भूमि पर किया जा रहा है, जो नियमों के विरुद्ध है। उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बाल विवाह से बढ़ रहा सर्वाइकल कैंसर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जनपद न्यायालय सभागार में सर्वाइकल कैंसर व बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में सालसा द्वारा जानकारी दी गई। जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार राय के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वंदना अग्रवाल की अध्यक्ष में हुआ।

डॉ.रिद्धि सिद्धि ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में बहुत ही सरलतम भाषा में सार गर्भित रूप से बताया गया। बताया यह एक ऐसी कैंसर की बीमारी है, जिसका टीका उपलब्ध है। काउंसलर डॉ नीता ने बताया कि किसी भी उम्र के बच्चे या वृद्ध यदि मानसिक या शारीरिक रूप से विकलांग होते हैं व असाध्य रोगों से ग्रसित होने पर अवसाद की तरफ जाने लगते हैं ऐसे लोगों को जिला अस्पताल के कमरा नंबर 122 में मुफ्त काउंसलिंग करके उन्हें अवसाद से मुक्त कराया जा सकता है। डीजीसी सिविल विजय प्रताप सिंह द्वारा सर्वाइकल कैंसर व बाल विवाह की कुरीतियों के बारे में बताया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य वक्ता। अमृत विचार

लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ आनंद कुमार सक्सेना द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की बारीकियां बताई। बाल विवाह करने वाले, कराने वाले किसी भी पक्ष को, मध्यस्थ व दुष्प्रेरक को 2 वर्ष की कैद व एक लाख रुपये जुर्माना से दंडित किया जा सकता है। देशराज रचनाकार ने अपनी कविताओं के माध्यम से बाल विवाह की कुप्रथा पर प्रकाश डाला। सिविल जज ( सीडि) / सचिव वंदना अग्रवाल ने कहा बाल विवाह जैसी कुप्रथा से ही सर्वाइकल कैंसर जैसे मरीजों की संख्या बढ़ती है। जितने अधिक बाल विवाह होंगे, उतने ही अधिक सर्वाइकल कैंसर के मरीज होंगे। कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों/ सहायिकाओं व महिला का आवाह्न किया कि समाज के निचले तबके तक की महिलाओं से संपर्क रखते हैं व उनके बीच काम रहता है, इसलिए इन कार्यक्रमों से प्राप्त जानकारी के आधार पर उन्हें सुशिक्षित करने की जिम्मेवारी आप सब बहुत ही अच्छे ढंग से निभा सकती है। संचालन हरिनाम सिंह ने किया।

## टिप्पणी के विरोध में सौंपा गया ज्ञापन

**राठ (हमीरपुर)।** महोबा जिला पंचायत अध्यक्ष के विरुद्ध सोशल मीडिया पर की गई जातिगत टिप्पणी को लेकर डा.भीमराव अंबेडकर सामाजिक समिति ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

समिति के अध्यक्ष डा.कमलेश राम ने बताया कि 14 अप्रैल को डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर महोबा जिला पंचायत ने विभिन्न गांवों में बाबा साहब के संविधान को लेकर प्रचार-प्रसार अभियान चलाया था। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा संकीर्ण मानसिकता वाले लोगों ने सोशल मीडिया पर अभद्र आपत्ति जनक एवं जातिगत टिप्पणी जिला पंचायत अध्यक्ष के विरूद्ध की गई थी। इसके अलावा जानमाल की क्षति पहुंचाने की धमकी भी दी गई थी। समिति ने इसकी घोर निंदा करते हुए असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान डीडी वर्मा, ब्रजेंद्र सिंह, हरि सिंह, दिनेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, मनीराम, जसीराम, मुन्ना लाल बौद्ध पवई, रामप्रकाश, भजन लाल, रमाकांत कुटार आदि लोग रहे।

**समाधान का भरोसा** | जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक में सड़क, नाली, पानी, शौचालय और अन्ना पशुओं की समस्याएं गूंजीं

## व्यापारियों ने अफसरों के सामने उठाईं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करते हुए व्यापारिक गतिविधियों को सुगम एवं सुदृढ़ बनाना रहा। अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को नियमों की स्पष्ट जानकारी प्रदान की गई तथा समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने नए पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) में आ रही कठिनाइयों पर भी गंभीरता से विचार-विमर्श करते हुए पंजीकरण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान व्यापार संघों द्वारा सड़क निर्माण, जल निकास के लिए नाला निर्माण, मुख्य बाजारों में शौचालय व्यवस्था, नगर क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की समस्या, ट्रांसफार्मरों का समुचित अधिष्ठापन, विद्युत ट्रिपिंग, जलापूर्ति तथा अतिक्रमण जैसी समस्याएं उठाई गई। जिलाधिकारी ने इन सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित। उन्होंने जल संस्थान को निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए। आवश्यकता के अनुसार टैंकरों के माध्यम से निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के संबंध में भी जानकारी साझा की गई तथा अधिक से अधिक व्यापारियों को इस योजना से जोड़ने पर बल दिया गया। बैठक में सीडीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, उपायुक्त राज्य कर कृष्ण प्रकाश, सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित अधिकारी एवं व्यापारी रहे।





बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापार बंधु की बैठक लेते जिलाधिकारी अभिषेक गोयल। अमृत विचार

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

महेशचंद्र भाटिया पुत्र अमीरचंद्र भाटिया निवासी प्रापर्टी नं J 238 आवास विकास कानपुर उपरोक्त का मूल आवंटन पत्र (11132 दिनांक 01.09.2006) एवं मूल कब्जा पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो0: 9793012777

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूनम पांडे उर्फ़ पूनम शर्मा पत्नी संदीप शर्मा निवासिनी- 6 ए/569 आ0वि0 हंसपुरम, नौबस्ता, कानपुर नगर एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

**सूचना**

मनीष जायसवाल पुत्र भोला जयसवाल निवासी 1/78 EWS स्वर्ण जयंती विहार सतवरी कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल कब्जा पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो0: 6386151568

**सूचना**

रिजवान अहमद पुत्र मो. यासीन निवासी मकान न. 5H 215 आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल फ्री होल्ड डीड क्रमांक 10184 दिनांक 25.05.2016 कही खो गया है, जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो0: 8756778522

**सूचना**

मैने अपना नाम अखलाक अहमद से बदल कर एखलाक अहमद पुत्र श्री वकार अहमद रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **एखलाक अहमद पुत्र श्री वकार अहमद निवासी- शाहपुर, शुकुल बाजार, मंगरौली जिला- अमेठी -227816**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े भाई रवीन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र मदन लाल गुप्ता, निवासी मोहल्ला काजीपुरा, तहसील फतेहपुर, जिला बाराबंकी, (गुमशुदा) से मेरा कोई संबंध नहीं है। उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्य या लेन-देन के लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे। **शरद कुमार पोरवाल (एडवोकेट) पुत्र मदन लाल पोरवाल ग्राम बम्भौरा, थाना व पोस्ट जरवलरोड, जिला बहराइच।**

**सूचना**

विजय बहादुर पुत्र गोबर्धन यादव ग्राम खानपुर थाना/पोस्ट सरेनी, तहसील लालगंज जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरे पासपोर्ट में VIJAI BAHADUR अंकित है जो कि गलत है। सही नाम VIJAY BAHADUR जो कि आधार समेत सभी दस्तावेज में अंकित है। मेरे पासपोर्ट में सही नाम VIJAY BAHADUR अंकित किया जाना आवश्यक है।

**सूचना**

मैं विश्राम पुत्र लोधेश्वर ग्राम विशायकपुर थाना सरेनी जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरे पुत्र संतोष, रामू और संदीप हैं। बड़ा पुत्र संतोष काफी उदंड और झगड़ालू है। उसके व्यवहार से तंग आकर मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके किसी भी कार्यों से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता और सरोकार नहीं होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### फांसी का फंदा लगा युवक ने की खुदकुशी

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा थानांतर्गत चेकडैम के पास एक युवक ने नीम के पेड़ पर फंदा लगाकर फांसी लगा ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रथमदृष्टया पाया गया कि घटना दो-तीन पहले की है। मृतक के पैंट की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त रामलाल पुत्र भगवानदीन निवासी ऐंचवारा के रूप में हुई।

### शासकीय अधिवक्ता को मातृशोक

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** कस्बा निवासी जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी न्यायालय कर्वी सुशील सिंह रघुवंशी की मां कृष्णा सिंह रघुवंशी का निधन हो गया। उन्होंने बुधवार दोपहर अंतिम सांस ली। निधन की खबर से कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। जैसे ही कस्बे में उनके मृत्यु की खबर फैली, लोग घर पहुंचने लगे। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि अंतिम संस्कार गुरुवार को निजी भूमि अमरहिया हार में किया जाएगा।

### लोडर ने कार और बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

**मऊ (चित्रकूट)।** मऊ थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब 10 बजे पेट्रोल पंप के पास प्रयागराज से कर्वी जा रहे एक तेज रफ्तार लोडर ने पहले सड़क किनारे खड़ी कार में टक्कर मार दी, फिर एक बाइक को भी चपेट में ले लिया। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार चालक को मामूली चोटें आईं, जबकि बाइक सवार प्रमोद शुक्ला (45) निवासी मऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से प्रयागराज रिफर किया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रकाश यादव मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चिकित्सक ने दर्ज कराई एफआईआर

**चित्रकूट।** थाना बहिलपुरवा अंतर्गत छोटी मड़ैयन निवासी और पीएचसी रुख्मा खुर्द में तैनात मेडिकल आफीसर आयुष डा. ऋषिराज करवरिया ने एक ग्रामीण पर शराब के नशे में गालियां देने और धमकी देने की एफआईआर दर्ज कराई है। चिकित्सक ने बताया कि 24 अप्रैल को जब वह ड्यूटी पर थे, बरहुनीतीर निवासी बुद्धविलास वहां पहुंचा और अपने पुत्र के कुत्ते के काटने पर लगाए जाने वाले इंजेक्शनों को एक साथ लगाने की जिद की। आरोप लगाया कि मना करने पर उसने शराब के नशे में गालियां दीं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

### नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर लगा

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** बजरंग इंटर कॉलेज सपहा में बुधवार को बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा, ग्रामीण मेधा अभिनंदन समिति ने सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड के सहयोग से निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया। बताया गया कि इसमें क्षेत्र के लगभग 100 लोगों ने नेत्र परीक्षण कराया। डाक्टरों ने आंखों की जांच की। जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए गए। इस दौरान एडवोकेट प्रखर पटेल, समाजसेवी मुकेश कुमार, डा. श्रीकांत पांडेय, कमलेश प्रसाद, विपिन, सुशील सिंह, उमेंद्र, वीरेंद्र, शशिप्रभा, मानवी, राज, अंकित, धीरेंद्र आदि ने सहयोग किया।

# नर्सिंग कॉलेज की छात्रा का संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला शव

## जानकीकुंड के सद्गुरु इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड साइंसेस के परिसर में है छात्रावास

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के सद्गुरु इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेस में पढ़ने वाली एक छात्रा का शव बुधवार को हास्टल के कमरे में संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला। जब उसकी रूममेट कमरे में पहुंचीं तो जानकारी हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

जानकारी के मुताबिक, मूल रूप से मप्र के मऊगंज जिले की रहने वाली कीर्ति तिवारी तीर्थक्षेत्र में जानकीकुंड स्थित सद्गुरु इंस्टीट्यूट से आप्थेल्मिक (विजन टेक्नीशियन) का कोर्स कर रही थी। वह वहीं परिसर में स्थित हास्टल के तीसरी मंजिल के एक कमरे अपनी रूममेट के साथ रहती थी। बुधवार सुबह उसने आत्महत्या कर ली। उसका शव कमरे में सीलिंग फैन में फंदे से लटका मिला। जब उसकी रूममेट कमरे में पहुंची तो शव लटका देख चीख पड़ी। उसने सिक्योरिटी और विद्यालय प्रबंधन को सूचना दी। पुलिस भी मौके पर



इंस्टीट्यूट का छात्रावास, जहां रहती थी छात्रा।

पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**घटना को दबाने की कोशिश जारी:** उधर, इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन और अन्य अधिकारी कुछ कहने को तैयार नहीं थे। हास्टल के आसपास मीडियाकर्मियों को जाने से रोका जा रहा था। कोशिश यह थी कि मामला किसी तरह बाहर न जाए। जब विद्यालय के नंबर पर फोन कर जानकारी लेने की कोशिश की गई तो किसी ने फोन रिसीव नहीं किया।

**पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार :** तीर्थक्षेत्र का यह भाग मप्र अंतर्गत आता है। सूचना मिलने पर चित्रकूट (मप्र) थाना प्रभारी गिरिजा शंकर वाजपेयी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला कि बच्ची के मातापिता नहीं हैं और वह नाना-नानी के यहां रहती थी। फिलहाल किसी तरह की उन्होंने तहरीर नहीं दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### नाना-नानी ने पाला था कीर्ति को

■ पुलिस और अन्य सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कीर्ति के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। वह अपने नाना-नानी के यहां रहती थी। उन्होंने ही उसे पाला था। सूचना मिलने पर दोपहर में पहुंचे वृद्ध दंपती कीर्ति का शव लेकर चले गए। वे अपनी नातिन की इस तरह हुई मौत से बदहवास थे और कुछ कहने की स्थिति में नहीं थे।

### पेपर देने नहीं गई थी कीर्ति

■ बताया गया कि इस समय परीक्षा चल रही है। कीर्ति की सहपाठी सुबह साढ़े आठ बजे परीक्षा देने चली गई थीं पर वह नहीं गई। बाद में परीक्षा देकर लौटी रूममेट को इस घटना की जानकारी हुई। कीर्ति परिसर में स्थित छात्रावास विष्णु ब्लाक की तीसरी मंजिल के एक कमरे में रहती थी।

### बीमारी या आत्महत्या की कोई और वजह

■ बताया जाता है कि कीर्ति कुछ दिनों से बीमार रहती थी और इसी वजह से तनाव में थी। यह भी कहा जा रहा है कि उसके कमरे से दवाइयों के पर्चे आदि मिले हैं, जिससे भी इस बात की पुष्टि होती है। हालांकि पुलिस कई बिंदुओं को लेकर जांच कर रही है। बीमारी की बात कहकर ही वह परीक्षा देने नहीं गई थी। हालांकि संदिग्ध हालात में हुई इस मौत को लेकर अन्य कई बातें भी दबी जुबान चर्चा में रहीं।

### इंस्टीट्यूट प्रबंधन ने क्यों नहीं ली सुधि

पूरी घटना में प्रबंधन की लापरवाही से इंकार नहीं किया जा सकता। एक छात्रा अगर परीक्षा देने नहीं गई तो उसका पता क्यों नहीं किया गया, सुरक्षाकर्मी क्या कर रहे थे, परिसर में छात्राओं की गतिविधियों को लेकर वार्डन की जिम्मेदारी क्या थी आदि सवाल हैं, जो अभी तक अनुत्तरित हैं।

## रोकने पर चालक ने डंपर भगाया जीपीएस से ट्रैक कर पकड़ा

**मऊ (चित्रकूट)।** बरगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार को बिना वैध दस्तावेज के मिट्टी ढो रहे एक डंपर को रोकने के दौरान हड़कंप मच गया। उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन ने डंपर को चेकिंग के लिए रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने वाहन नहीं रोका और भागने का प्रयास किया। बाद में जीपीएस से ट्रैक कर इसे पकड़ा गया।

बताया गया कि एसडीएम ने डंपर का पीछा किया। इस दौरान चालक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मारने की भी कोशिश की, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। हालांकि बाद में जीपीएस की मदद से डंपर को ट्रैक कर लिया गया। एसडीएम ने डंपर को बरगढ़ मोड़ पर रोक लिया। जांच के दौरान वाहन में लदी गिट्टी से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। प्राथमिक जांच में सामने आया कि डंपर भरतकूप की ओर से गिट्टी लादकर ला रहा था। एसडीएम ने बताया कि डंपर में कोई कागजात नहीं थे और चालक ने सरकारी वाहन को टक्कर मारने की कोशिश की। कार्रवाई करते हुए डंपर को बरगढ़ थाने में खड़ा करा दिया गया है। साथ ही मामले की रिपोर्ट खनिज विभाग को भेज दी गई है। पुलिस चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



सदर एसडीएम अजय यादव को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। अमृत विचार

# कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री पर दर्ज की जाए एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● छत्रपति सेना ने विरोध-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार।** बागेश्वर धाम सरकार पीठाधीश और कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा छत्रपति शिवाजी जैसे देश के महान सपूतों पर कथित टिप्पणियों को लेकर छत्रपति सेना ने बुधवार को सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में सदर एसडीएम अजय यादव को ज्ञापन सौंपा। मांग की कि कथावाचक पर एफआईआर दर्ज की जाए।

ट्रैफिक चौराहे पर युवाओं ने विरोध प्रदर्शन कर नारे लगाए। छत्रपति सेना के जिलाध्यक्ष रोहित सिंह पटेल ने बताया कि हाल ही में धीरेंद्र शास्त्री ने छत्रपति शिवाजी महाराज के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इससे समाज की धार्मिक और सामाजिक भावनाएं आहत हुई हैं। क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। इस कृत्य से समाज में वैमनस्यता फैलने एवं शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। यह भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। इस मौके पर संरक्षक डा. विकास पटेल, जिला महामंत्री राहुल पटेल, जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती, जिलाध्यक्ष सरदार सेना मोहित पटेल, धर्मेंद्र भास्कर, प्रकाश वर्मा, हरिहर पटेल, कृष्णा पटेल, प्रभाकर पटेल, आलोक पटेल, कुंवर पटेल, जोगेंद्र पटेल, अभिषेक पटेल, गोलू पटेल, नरेंद्र पटेल, देवेंद्र पटेल, सुनील पटेल आदि मौजूद रहे।

## किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**चित्रकूट।** रैपुरा थानांतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने एक युवक पर उसकी किशोरी पुत्री से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि बेटी 26 अप्रैल को घर से दुकान का सामान लेने जा रही थी कि आरोपी सीबू पुत्र सुल्तान ने उसे पकड़ लिया और घर ले जाकर जोर जबर्दस्ती करने लगा। जब उसके पुत्रों ने आरोपी को पकड़कर बड़े भाई से उलाहना दिया तो इन लोगों ने गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चित्रकूट में भीषण गर्मी तापमान 44 डिग्री पार

**चित्रकूट।** बुधवार को भी भीषण गर्मी रही। हालांकि शाम को कुछ देर को हवाएं चलीं। अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे लू के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल रखा। गर्मी के चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और दोपहर के समय लोग घरों में ही दुबके रहे। दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र, गनीवां के मौसम पर्यवेक्षक अंकुर त्रिपाठी ने बताया कि अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में लगातार बढ़ोतरी से आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण बाजारों में भीड़ कम रही। वहीं, बिजली की बढ़ती मांग के चलते कटौती की समस्या भी सामने आ रही है। डाक्टरों ने लोगों को दोपहर में बाहर निकलने से बचने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है।

## वृद्धाश्रम में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**चित्रकूट।** वृद्धाश्रम विनायकपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मरीजो को उपचारित कर दवाओं का वितरण किया गया।

मोतियाबिंद के मरीजों को संयुक्त जिला चिकित्सालय के लिए संदर्भित किया गया। वृद्धाश्रम संचालक प्रदीप कुमार मिश्रा, डा. संतोष कुमार, डा. मृदुल तिवारी, डा. नरेंद्र देव पटेल, डा. सुजीत, डा. अरविंद कुमार, आरके सिंह, संजय कुमार, दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# महंत पर एक और एफआईआर

**चित्रकूट।** वाल्मीकि आश्रम के महंत भरतदास का विवाद पीछा नहीं छोड़ रहे। पूर्व सांसद और उनके परिवार पर टिप्पणियों का मामला अभी शांत ही नहीं हुआ कि महंत एक और विवाद में फंस गए। इस बार उन पर महिलाओं ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगा रैपुरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

वाल्मीकि आश्रम के महंत भरतदास पर श्रद्धालुओं से मारपीट, परिसर के आसपास के दुकानदारों से अभद्रता के मामले चर्चा में रहे हैं। हाल ही में महंत पर अशोभनीय टिप्पणियां करने का आरोप लगाकर पूर्व सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता भैरों प्रसाद मिश्र लालापुर में धरने पर भी बैठ चुके हैं। अब एक महिला ने रैपुरा थाने में उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि महंत भरतदास ने उनको गंदे शब्दों और अभद्र भाषा का प्रयोग कर उनकी फोटो फेसबुक पर डाली। इससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को चोट पहुंची है। पुलिस ने शांतिभंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करने व धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। उधर महंत का पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल पर रिंग की गई पर हर फोन रिसीव नहीं हुआ।

**सूचना**

मैं शालिनी देवी व जन्मतिथि 13-2-2002 मेरा नाम व जन्मतिथि दोनों मेरे पिता रैंक सूबेदार नाम जगपाल सिंह के सेना के युद्ध दस्तावेजों में भूलवश गलत अंकित हैं। अतः मेरा सही नाम शालिनी पाल व जन्मतिथि 13-2-2004 है जो कि मेरे अन्य दस्तावेजों में भी है। अतः मेरा सही नाम जन्मतिथि पिता के दस्तावेजों में अंकित किया जाना अति आवश्यक है। **शालिनी पाल (SHALINI PAL) पुत्री जगपाल सिंह, निवासी- बद्दाह, थाना - बिधूना, जनपद -औरैया।**



अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी करने पहुंचे एसडीएम अजय यादव।

## उप जिलाधिकारी ने की रात में छापेमारी, मचा हड़कंप

**चित्रकूट।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। सदर एसडीएम अजय यादव ने मंगलवार रात में छापेमारी की, जिससे अवैध खनन में लगे लोगों के बीच हड़कंप मच गया। एसडीएम ने बताया कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कर्वी तहसील के ग्राम असोह में ट्रैक्टर और जेसीबी मशीन के जरिए अवैध खनन किया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तत्काल एक टीम गठित की और देर रात छापेमारी की।प्रशासनिक टीम को मौके पर देखकर अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। हालांकि मौके पर एक जेसीबी मशीन अवैध खनन करते हुए पकड़ी गई। टीम ने मशीन को कब्जे में लेकर थाना पहाड़ी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस दौरान तहसीलदार चंद्रकांत तिवारी समेत पहाड़ी थाना पुलिस की टीम भी मौजूद रही।

# बैंककर्मियों पर मानदेय के लिए परेशान करने के लगाए आरोप

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** शासन-प्रशासन के सख्त निर्देशों के बाद भी लोगों से बैंककर्मियों का व्यवहार और सलीका बदल नहीं रहा। अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उप्र ग्रामीण बैंक की शाखा पहाड़ी में मानदेय भुगतान के लिए परेशान करने का आरोप लगाया है। इन्होंने इस संबंध में एलडीएम, जिला कार्यक्रम अधिकारी और बाल विकास परियोजना अधिकारी पहाड़ी को शिकायती पत्र भेजा है।

आंगनबाड़ी संघ की जिलाध्यक्ष अमृता चतुर्वेदी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं विमला, सुषमा देवी, माया देवी, शरीफुननिशा, उर्मिला देवी, कुसुम यादव, रमाकांती, श्यामा, विमला आदि ने बताया कि बाल विकास परियोजना पहाड़ी के तहत कार्यरत उन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का खाता उप्र ग्रामीण बैंक की पहाड़ी शाखा में है। यहां कभी समय से पैसा नहीं मिलता। यहां के लोगों को महिलाओं से बात करने का सलीका ही नहीं। वे सभी चिलचिलाती धूप में एक हफ्ते से बैंक के चक्कर लगाकर लौट रही हैं। बैंक से यही कहा जाता है कि बंगाल में चुनाव चल रहे हैं इसलिए बैंक में पैसे नहीं हैं। बताया कि कुछ कार्यकर्ताओं ने दो माह पूर्व एटीएम के लिए आवेदन किया था। इनके एटीएम कार्ड भी नहीं दिए जा रहे।



बैंककर्मियों पर आरोप लगातीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। अमृत विचार

**क्लर्क बोले, नंबर कहां से मिला :** उधर, बैंक मैनेजर का नंबर न होने पर इस संबंध में जानकारी के लिए बैंक के कैशियर गनेश मालवीय के मोबाइल पर रिंग की गई तो उन्होंने अभद्रता पूर्वक बात की। उन्होंने सवाल किया, आपको मेरा नंबर कहां से मिला। फिर बोले, जहां से मेरा नंबर मिला, वहीं से मैनेजर का नंबर ले लो, कहते हुए उन्होंने फोन काट दिया।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत/यॉंत्रिक खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर**

पत्रांक :- 500/4टी0 दिनाँक :- 17.04.2026

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निष्प्रयोज्य वाहनों/मशीनों की सार्वजनिक नीलामी इस कार्यालय में आगामी दिनॉक 20.05.2026 अपरान्ह 3.00 बजे बोलीदाताओं के समक्ष की जाएगी। समस्त बोलीदाता अधिशासी अभियन्ता, वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर के कार्यालय में अपरान्ह 3.00 बजे तक उपस्थित होगें। बोलीदाताओं को बोली लगाने से पूर्व अधोलिखित धरोहर धनराशि ड्राफ्ट के रूप में जो "अधिशासी अभियन्ता, विद्युत/यॉत्रिक खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर" के पक्ष में बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | मशीन का नाम, मेक/माडल एवं नम्बर | मशीन की संख्या | मशीन का स्थान | न्यूनतम धरोहर (धनराशि रू0) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | JEEP UTZ-2924 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 11954.00 |
| 2 | TRUCK UHH-422 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 39968.00 |
| 3 | TRUCK UTE-3960 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 38234.00 |
| 4 | TIPPER UP78BG8031 | एक अदद | वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 57716.00 |
| 5 | ROAD ROLLER-6332 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 70536.00 |
| 6 | ROAD ROLLER-1931 | एक अदद | राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 65609.00 |
| 7 | ROAD ROLLER-23573 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 66430.00 |
| 8 | ROAD ROLLER-081 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 66795.00 |
| 9 | JEEP UMD-5780 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कन्नौज | 12647.00 |
| 10 | JEEP UPV-4777 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कन्नौज | 12647.00 |
| 11 | TRACTOR UPV-2288 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कन्नौज | 17246.00 |
| 12 | TIPPER UAV/9352 | एक अदद | वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 41035.00 |
| 13 | TIPPER UGI/9135 | एक अदद | वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 41063.00 |
| 14 | JEEP UP32-J-6477 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, फतेहगढ़ | 9476.00 |
| 15 | ROAD ROLLER-0442 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, फतेहगढ़ | 64970.00 |
| 16 | ROAD ROLLER-5579 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, फतेहगढ़ | 67343.50 |

**नीलामी की शर्ते**

1. नीलामी "जहॉं है व जिस स्थिति में है" के आधार पर की जायेगी। नीलामीदाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे नीलामी में बोली बोलने से पूर्व मशीनों को कार्यस्थल पर जाकर स्वयं देख-परख लें।
2. उपरोक्त कालम-5 में दर्शायी गयी धरोहर धनराशि ड्राफ्ट के रूप में जो "अधिशासी अभियन्ता, वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर" के नाम में बंधक हो ,नीलामी के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है। तभी वे नीलामी में भाग ले सकेगे।
3. प्रत्येक मशीन की नीलामी अलग-अलग होगी तथा धरोहर धनराशि भी प्रत्येक नीलामी के लिए अलग-अलग जमा की जायेगी।
4. उच्चतम बोलीदाता की उपरोक्त धरोहर धनराशि रोककर शेष बोलीदाताओं की धरोहर धनराशि उसी समय वापस कर दी जायेगी।
5. उच्चतम बोलीदाता को नीलामी की समाप्ति पर अधिकतम बोली की 25 प्रतिशत धनराशि तत्काल जमा करनी होगी। ऐसा न करने पर धरोहर धनराशि के रूप में जमा की गई धनराशि शासन के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।
6. नीलामी की स्वीकृति व अस्वीकृति का अधिकार विभाग के सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।
7. स्वीकृत नीलामी की उच्चतम बोली पर समस्त कर नियमानुसार अतिरिक्त देय होगा।
8. नीलामी स्वीकृत होने पर अवशेष धनराशि का ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के अन्दर जमा करना होगा तथा उसके उपरांत एक सप्ताह के अन्दर मशीन उठाना भी अनिवार्य होगा, अन्यथा धरोहर धनराशि शासनहित में जब्त कर ली जायेगी।
9. नीलामी के निस्तारण न होने तक नीलामी बोली की 25 प्रतिशत जमा धनराशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।
10. नीलामी की अन्य शर्ते नीलामी के समय सूचित की जायेगी।

**UP-250604 दिनांक 28.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**अधिशासी अभियन्ता,**
**वि0/यॉं0 खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर**

**मुआयना** — नोडल अधिकारी ने क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

# खरीद प्रक्रिया में लाएं तेजी, किसानों को दें सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जनपद में चल रही गेहूं खरीद व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे विशेष सचिव ग्राम्य विकास एवं नोडल अधिकारी जयनाथ यादव ने बुधवार को विभिन्न क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने और किसानों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी डा. अविनाश कुमार झा ने बताया कि जनपद में गेहूं खरीद का कुल लक्ष्य 17,000 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक 5,715 मीट्रिक टन खरीद की जा चुकी है। जिले में कुल 1,224 किसानों से खरीद हुई है, जबकि 3,615 किसानों का पंजीकरण किया गया है। अब तक 14.35 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। जिले में कुल 35 क्रय केंद्र संचालित हैं और वर्तमान खरीद प्रतिशत 33% है। खरीद प्रक्रिया 15 जून तक जारी रहेगी। निरीक्षण के दौरान राजापुर, पहाड़ी, कर्वी मंडी स्थित खाद्य विभाग, पीसीएफ और भारतीय खाद्य निगम के क्रय केंद्रों का भी मुआयना किया गया। कर्वी मंडी में निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), एसडीएम सदर, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, मंडी सचिव एवं क्षेत्रीय विपणन अधिकारी मौजूद रहे।



गेहूं खरीद का जायजा लेते नोडल अधिकारी जयनाथ यादव। अमृत विचार

### खाद्य निगम तक तेज की जाए डिलीवरी

■ नोडल अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रय केंद्रों से भारतीय खाद्य निगम तक गेहूं की डिलीवरी तेज की जाए। चकबंदी गांवों के किसानों का सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। किसानों को केंद्रों पर अधिक इंतजार न करना पड़े, इसके लिए टोकन व्यवस्था को प्रभावी बनाते हुए खरीद में तेजी लाई जाए। साथ ही क्रय केंद्रों पर सुरक्षित भंडारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

## मनोनीत सभासदों को दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

**राजापुर।** उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव ने बुधवार को मनोनीत तीन सभासदों को नगर पंचायत प्रांगण में शपथ ग्रहण कराई। समारोह में सरोज मिश्रा, राजेश केशरवानी और बद्री विशाल सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला आदि मौजूद रहे। नवनियुक्त सभासद राजेश केशरवानी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मनोनीत सदस्यों में तुलसी जन्म स्थली मानस धाम के विकास के लिए एकता, अनुशासन व सोच का होना आवश्यक है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि विकास की कड़ी में आज तीन सभासद परिवार के रूप में मिले हैं, जो तुलसी जन्मस्थली राजापुर मानस धाम के विकास के लिए सहयोग प्रदान करते हुए साथ देंगे। राजापुर धाम विकास के लिए आम जनमानस की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है और सहयोग से ही विकास की गंगा बहाई जा सकती है। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन पूर्व शिक्षक धीरेंद्र कुमार मिश्रा ने किया। सविता मिश्रा, धन्नु तिवारी, सारंगधर मिश्रा, सभासद शंकर दयाल जायसवाल, तारिणी शुक्ला, सुनील मिश्रा आदि मौजूद रहे।

